तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 23 फरवरी 2026



# घातक हथियार के साथ सोशल मीडिया में दिखावा करने वाले कुख्यात अपराधी मथुरा सहित 27 पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग पुलिस ने सोशल मीडिया में घातक हथियार के साथ फोटो डालकर भय फैलाने वाले कुख्यात अपराधी मथुरा सहित 27 के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस होली के त्योहार को देखते हुए इसे लेकर अभियान चला रहा है और सोशल मीडिया पर पैनी नजर रख रही है। दुर्ग पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उनकी तकनीकी सेल और एसीसीयू की टीम इंस्टाग्राम, फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पैनी नजर रख रही है।



## अधिकतर आरोपी पहले भी कई मामलों में जा चुके हैं जेल

उन्होंने 27 ऐसे व्यक्तियों की पहचान की है, जिन्होंने ऑनलाइन माध्यम से धारदार हथियार मंगाकर उनके साथ फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड किए हैं। इसमें कई ऐसे लोग शामिल हैं, जो पहले भी कई बार जेल जा चुके हैं। पुलिस के अनुसार इस तरह की पोस्ट से आम लोगों में भय का माहौल बन रहा था। थाना छावनी में दो आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। अन्य मामलों में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। नाबालिगों द्वारा डाली गई आपत्तिजनक पोस्ट के मामलों में उनके अभिभावकों को थाने बुलाकर समझाइश दी गई। संबंधित फोटो और वीडियो हटवाए गए। अभियान के दौरान करीब 300 लोगों को अवैध धारदार हथियार न खरीदने और न रखने की चेतावनी दी गई।

## पुलिस कर रही अन्य की तलाश

### किस थाना क्षेत्र में कितनी कार्रवाई

छावनी क्षेत्र में 6, मोहन नगर से 4, जामुल से 3, कोतवाली दुर्ग और मोहन नगर से 2-2, जबकि सुपेला, भिलाई नगर, नेवई, पुरानी भिलाई, उतई, नंदिनी नगर और धमधा से 1-1 व्यक्ति चिन्हित किए गए। पुलिस ने दो धारदार हथियार जब्त किए हैं। शेष मामलों में विवेचना जारी है।



- पेशेवर अपराधी मथुरा फोटो में धारदार हथियार लिए हुए



- आनलाइन साइड के द्वारा मंगाई गई पिस्टल जो दिख रही हूबहू असली

### अभिभावक रखें बच्चों की गतिविधियों पर नजर : एसएसपी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने अवैध हथियारों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए साफ कहा है कि धारदार हथियार रखना, उन्हें ऑनलाइन मंगाना या सोशल मीडिया पर उनका प्रदर्शन करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान कुछ लोग दिखावे या दहशत फैलाने के उद्देश्य से हथियारों के साथ फोटो और वीडियो साझा करते हैं, जो कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकता है। पुलिस ऐसे हर मामले पर नजर रख रही है और आवश्यकतानुसार सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखें।

## खबर संक्षेप

### पुलगांव में चोरी की एक्टिवा मिली, गिरफ्तार



**भिलाई।** पुलगांव पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की एक्टिवा बरामद की है। पुलिस के अनुसार मीनाक्षी नगर पद्मनाभपुर निवासी सोनू श्रीवास (32 वर्ष) ने 17 फरवरी को स्कूटी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि शाम करीब 4 से 4.30 बजे के बीच उसने अपनी एक्टिवा सीजी 07 बीक्यू 0204 को देसी शराब भट्टी गेट के पास खड़ी कर शराब खरीदने गया था। जब वहां से लौटा तो वह चोरी हो गई थी। पुलिस को सूचना मिली कि देवनाथ निषाद उर्फ बबला (36 वर्ष), निवासी पोटिया कला शीतला मंदिर पुलगांव चौक में चोरी का वाहन लेकर घूम रहा है। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने वाहन चोरी करना स्वीकार किया। उसने बताया कि चोरी की गई एक्टिवा को गौठान पारा, पुलगांव तालाब के पास छिपाकर रखा है। पुलिस ने एक्टिवा जब्त कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा।

### मारपीटः क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले 3 गिरफ्तार



**भिलाई।** कुम्हारी थाना पुलिस ने पुरानी पारिवारिक विवाद को लेकर मारपीट कर क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। जानकारी के अनुसार 21 फरवरी को रात्रि करीब 11 बजे ग्राम खपरी में मुकेश जोशी उम्र 41 वर्ष और शुभम साहू उम्र 23 वर्ष दोनों निवासी ग्राम खपरी द्वारा शराब सेवन कर आम स्थान पर आपसी वाद-विवाद करते हुए शांति भंग किया जा रहा था। इसी प्रकार राकेश जांघेल, उम्र 29 वर्ष, निवासी शांति नगर, भिलाई-3 द्वारा अपने चचेरे भाई के निवास ग्राम खपरी में पुरानी पारिवारिक विवाद को लेकर विवाद उत्पन्न कर अशांति फैलायी गई।

## यातायात व्यवस्था चरमराई, आटो और बस हो रहे सड़क पर खड़े

# बस स्टैंड जूझ रहा जाम की समस्या से, पुलिस ने निगम तो बस संघ ने ऑटो को बताया जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

*दुर्ग जिले का बस स्टैंड वर्तमान में बेतरतीब पार्किंग और जाम की समस्या से जूझ रहा है। बस स्टैंड के अंदर जहां बसों के खड़े होने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है तो वहीं मुख्य मार्ग में भी आटो और बसों के खड़े होने हर समय जाम की स्थिति निर्मित होती रहती है। इससे कलेक्टोरेट, रेलवे स्टेशन, कोर्ट, पुलगांव और बालोद जाने वाले लोगों को जाम से झूझना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर जब जिम्मेदारों से बात की गई तो ट्रैफिक पुलिस ने निगम को और बस संघ ने आटो संचालकों को इसके लिए जिम्मेदार बताया।*

दुर्ग जिला मुख्यालय में दिन के समय राजेंद्र पार्क चौक, बस स्टैंड और कलेक्टोरेट के पास मुख्य मार्ग पर अव्यवस्थित पार्किंग बड़ी समस्या बन चुकी है। इसमें सबसे बड़ी वजह बसों की मनमानी बन रही हैं। शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में शामिल दुर्ग बस स्टैंड और पटेल चौक की हालत ये हो गई है कि इसे पार करने के लिए वाहन चालकों को जाम से होकर गुजरना पड़ रहा है। बस स्टैंड परिसर से सवारी भरने के बाद बसें जीई रोड पर खड़ी हो जाती हैं। बसों की अव्यवस्थित पार्किंग से रोज जाम लग रहा है। चौकाने वाली बात यह है कि बस स्टैंड के ठीक सामने यातायात पुलिस का पोस्ट है, लेकिन वहां पुलिसकर्मी की ड्यूटी न होने से बसों की मनमानी और बढ़ जाती है।

**बस स्टैंड के सामने जीई रोड पर खड़ी बसें, यातायात पुलिस सहायता केन्द्र के सामने का दृश्य**





पटेल चौक के आगे कलेक्टोरेट के पास सवारी भरने इस तरह खड़ी रहती है बसें।

### कलेक्टोरेट और न्यायालय के बाहर अस्थायी स्टैंड

पटेल चौक के पास कलेक्टोरेट, न्यायालय समेत कई अहम विभागों के कार्यालय मौजूद हैं। दिनभर लोगों की आवाजाही रहती है। इसके बावजूद कलेक्टोरेट और न्यायालय के बाहर सड़क पर बसें खड़े कर सवारियों का इंतजार किया जाता है। यहां पुलिस वालों की ड्यूटी भी रहती है, लेकिन वो इन पर कोई कार्रवाई नहीं करते हैं।

### नियम सभी के लिए

सारे नियम कानून सिर्फ बस वालों के लिए ही है क्या? बस स्टैंड के सामने जहां से सवारी भरनी है वहां सैकड़ों टैम्पों चालकों द्वारा अवैध पार्किंग किया जाता है। इस कारण जाम की स्थिति बन रही है। इस समस्या से प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया है, लेकिन कोई कार्रवाई अब तक नहीं की गई।

-प्रकाश देशलहरा, अध्यक्ष बस यूनियन, दुर्ग

### स्टैंड हो शहर से बाहर

निगम की जिम्मेदारी है कि बसों, ई रिक्शा व टैम्पों वालों को पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह दें। रोड सेफ्टी की बैठक में बस स्टैंड को व्यवस्थित करने प्रपोजल पास हुआ है, लेकिन निगम इसे लेकर कुछ नहीं कर रहा है। इस समस्या से निजात पाने के लिए बस स्टैंड को शहर से बाहर करना होगा।

-रिचा मिश्रा, एएसपी ट्रैफिक, दुर्ग

## होली से पहले अवैध शराब बेचने को लेकर 39 के खिलाफ कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

होली पर्व को देखते हुए दुर्ग जिले में अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत कुल 39 प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले के सभी थाना प्रभारियों, विवेचना अधिकारियों और पेट्रोलिंग स्टाफ की समन्वित कार्रवाई से अभियान को प्रभावी रूप से अंजाम दिया गया। पुलिस द्वारा जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ सघन जांच अभियान चलाया गया। सार्वजनिक स्थलों, संवेदनशील इलाकों और संभावित अवैध गतिविधियों वाले स्थानों पर दबिश दी गई। जांच के दौरान अवैध मदिरा के विक्रय, परिवहन और संग्रहण में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ तत्काल वैधानिक कार्रवाई की गई। थाना-वार कार्रवाई में पाटन और पुलगांव में 6-6 प्रकरण दर्ज हुए। पुरानी भिलाई और उतई में 4-4 मामले सामने आए। नेवई, वैशाली नगर

- गश्त के दौरान पुलिस ने की कार्रवाई

और मोहन नगर में 3-3 प्रकरण दर्ज किए गए। पद्मनाभपुर, सुपेला, खुर्सीपार और धमधा में 2-2 प्रकरण पंजीबद्ध हुए। दुर्ग और जामुल थाना क्षेत्र में 1-1 मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, त्योहारों के दौरान अवैध शराब की बिक्री बढ़ने की आशंका रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए पूर्व तैयारी के तहत अभियान चलाया गया।

## शराब के लिए पैसे नहीं देने पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सेक्टर-7 स्थित नेहरू नगर रेलवे फाटक के पास शराब के लिए पैसे नहीं देने पर दो युवकों के बीच मारपीट हुई। दुर्ग पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 20 फरवरी को नेहरू नगर से काम कर अपने घर लौट रहा था। रास्ते में दो परिचित युवकों ने उसे रोककर शराब पीने के लिए पैसे मांगे। मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। एक आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर भिलाई नगर थाना में धारा 296, 115(2), 351(3), 118(1), 119(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया। जांच के दौरान दोनों आरोपियों को चिन्हित कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उन्होंने वारदात स्वीकार की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जीतू सिंह और शुभम, दोनों निवासी सेक्टर-07 भिलाई नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने एक धारदार हथियार भी जब्त किया है। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।



### सार्वजनिक जगहों पर हंगामा करने वाले चार पर कार्रवाई

**भिलाई।** होली पर्व को लेकर पुरानी भिलाई नगर थाना पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो, इसके लिए लगातार रात्रि गश्त की जा रही है। जानकारी के अनुसार 21 फरवरी की रात पेट्रोलिंग के दौरान दादर भिलाई-3 और ग्राम अमेरी में कुछ लोगों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर हंगामा किए जाने की सूचना मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संबंधित व्यक्तियों को समझाइश दी। हालांकि, शांति भंग होने की आशंका को देखते हुए चार लोगों को अभिरक्षा में लिया गया। पुष्पेंद्र पटेल, पंकज पटेल और शुभम पटेल, सभी निवासी दादर भिलाई-3, तथा देवेंद्र कुर्रे निवासी ग्राम अमेरी पर धारा 170, 126 और 135 बीएनएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

## सरपंच के मारपीट का वीडियो वायरल, पुलिस ने 151 में भेजा जेल



**दुर्ग।** जेवरा-सिरसा पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम समोदा में आपसी विवाद के कारण दो पक्षों में कहासुनी हो पाई। बात हाथापाई तक पहुंच पाई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज किया। चौकी प्रभारी खगेन्द्र पठारे ने बताया कि मामले में शांतिभंग करने के आरोप में सरपंच अरुण गौतम के विरुद्ध धारा 170 और 151 के तहत कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल दाखिल किया गया है। जानकारी के मुताबिक सरपंच का मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा था। आरोप है कि गांव के ही जितेंद्र देशमुख के साथ किसी बात को लेकर विवाद था। इसमें अतिक्रमण और देनदारी को लेकर दोनों पक्षों में विवाद था। इसी बात को लेकर हाथापाई हुई। पुलिस ने जितेंद्र देशमुख की शिकायत पर अरुण गौतम, रामचंद्र, सागर गौतम और पुकेश्वर देशमुख के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। वहीं अरुण गौतम की शिकायत पर जितेंद्र देशमुख, सावन निषाद, दुर्जन निषाद और मेश्राम निषाद के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## मोहल्ले में मारपीट करने वाले मां-बेटे गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सुपेला पुलिस ने मोहल्ले में गाली-गलौज, मारपीट और घर में घुसकर हमला करने वाले मां-बेटे को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है। आरोपियों के खिलाफ धारा धारा 296, 115(2), 351(3), 333, 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार 20 फरवरी को प्रार्थी गौरव पाल (40 वर्ष) निवासी पांच रास्ता, गली नंबर-4 पटेल होटल के पीछे ने सुपेला थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया



- आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया

कि वह अपने घर के पास ऑटो में बैठा था, तभी पड़ोस में रहने वाला आरोपी राजा सोनकर उर्फ राजा बटीक आकर अकारण गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्का से मारपीट किया। बीच-बचाव को आए पड़ोसी तपेश सोनी और उनकी पत्नी दिशा के साथ भी आरोपी व उसकी मां द्वारा गाली-गलौज व मारपीट की गई। आरोपी द्वारा तपेश सोनी के हाथ में दांत से काटकर चोट पहुंचाई गई तथा उनके घर में घुसकर उनकी पुत्री नेहा उर्फ गीतिका के साथ भी मारपीट की गई। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज करते हुए पांच रास्ता निवासी आरोपी राजा सोनकर उर्फ राजा बटीक और उसकी मां को गिरफ्तार का न्यायालय में पेश किया। जहां से दोनों को रिमांड पर भेजा गया।

### नशे के लिए रुपए नहीं देने पर नाबालिग ने सीने पर किया हमला

**भिलाई।** छावनी थाना पुलिस ने नशा के लिए पैसे नहीं देने पर सीने पर धारदार हथियार से वार करने वाले नाबालिग बालक को अभिरक्षा में लेकर बाल न्यायालय में प्रस्तुत किय। धारा 119(1), 109 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार होली त्यौहार के मद्देनजर थाना छावनी क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग की जा रही थी। इसी दौरान 22 फरवरी को प्रार्थी रितिक चौधरी, उम्र 18 वर्ष, निवासी संतोषी पारा यादव मोहल्ला, कैम्प-2 भिलाई ने थाना छावनी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि जनता स्कूल के पीछे मार्ग में एक अपचारी बालक द्वारा उसे रोककर नशा सेवन हेतु पैसे की मांग की गई। पैसे नहीं देने पर गाली-गलौज करते हुए उसके सीने पर धारदार हथियार से वार किया गया, तब थाना पेट्रोलिंग द्वारा तुरंत कार्रवाई की गई । पेट्रोलिंग एवं त्वरित कार्रवाई के दौरान अपचारी बालक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसके द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किया गया। अपचारी बालक को बाल न्यायालय प्रस्तुत किया गया है।

## कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण, दो घंटे पहले केंद्र पहुंचे

# जिले के 25 केंद्रों में 10307 परीक्षार्थियों ने दी पीएससी की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारम्भिक परीक्षा 2025 की परीक्षा रविवार को ट्विनसिटी नगर के 25 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई। 10307 परीक्षार्थियों के लिए दो पालियों परीक्षा दी।

परीक्षा कक्ष प्रवेश पूर्व परीक्षार्थियों की चेकिंग की गई। प्रवेश पत्र के साथ वीडियोग्राफी भी करवाई गई। परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू हुई लेकिन उम्मीदवारों को दो घंटे पहले पहुंचना पड़ा। सुबह 8 बजे के बाद प्रवेश बंद कर दिया गया। प्रवेश से पहले मेटल डिक्टेटर से जांच की गई।



### कई अभ्यर्थी वापस लौटे

पीएससी की परीक्षा केंद्रों में कई अभ्यर्थी सुबह 8 बजे के बाद पहुंचे लेकिन उन्हे मायूस होकर लौटना पड़ा। आधी बांह वाली शर्ट पहनकर आने वाले अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए। महिला अभ्यर्थियों को मंगलसूत्र और एक नोज पिन पहनने की छूट दी गई थी। अभ्यर्थियों की जांच-पड़ताल मेटल डिक्टेटर से करने के बाद ही प्रवेश दिया गया। दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शुरू हुई। जो शाम 5 बजे तक चली।

### कलेक्टर ने किया निरीक्षण

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने उक्त परीक्षा के प्रथम पाली में परीक्षा केन्द्र क्रमांक 503 उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज दुर्ग, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 504 शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या पीजी कालेज दुर्ग, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 505 सेजेस जेआरडी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 523 आमदी नगर विद्या निकेतन हायर सेकण्डरी स्कूल हुडको भिलाई और परीक्षा केन्द्र क्रमांक 0525 भिलाई महिला महाविद्यालय सेक्टर 9 भिलाई का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्राध्यक्ष को लोक सेवा आयोग के मार्गदर्शी निर्देशों का पालन करते हुए बेहतर ढंग से परीक्षा संचालित करने निर्देशित किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा कक्ष एवं परीक्षार्थियों की संख्या, प्रकाश, इमरजेंसी लाईट, पेयजल, वाशरूम, परीक्षा कक्ष प्रवेश पूर्व परीक्षार्थियों की चेकिंग, परीक्षा कक्ष में प्रवेश पत्र के साथ वीडियोग्राफी आदि के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने केन्द्र को उपलब्ध प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका सीट की भी जानकारी ली।

### नेत्रहीन नेहा ने भी दी पीएससी परीक्षा



पीएससी की परीक्षा नेहा भी शामिल हुए। नेहा नेत्रहीन होने के बावजूद अपने बुलंद हौसले के साथ परीक्षा केंद्र सेजेस जेआरडी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग में पीएससी प्रारंभिक परीक्षा देने आई। अपनी मेहनत से अधिकारी बनने की ख्वाइस रखने वाली नेहा के लिए जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा केन्द्र में पृथक कक्ष व लेखन कार्य हेतु सहयोगी की व्यवस्था की गई है। उक्त कार्य में काजल बंजारे जो 11वीं की छात्रा है, नेहा को सहयोग की।



# देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करता
# भिलाई इस्पात संयंत्र



## देश की रफ्तार - भिलाई इस्पात संयंत्र की पटरियों के साथ



औद्योगिक नगरी भिलाई की इस्पाती चमक प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश दुनिया में है। सत्तर साल पूर्व एशिया के सबसे बड़े कारखाने भिलाई इस्पात संयंत्र की बुनियाद रखी गई बल्कि इस दौरान छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र हथखोज की भी नींव विकसित हुई। प्रदेश और देश के चहुंमुखी विकास में भिलाई इस्पात संयंत्र का महती योगदान रहा है। न सिर्फ फौलाद उत्पादन बल्कि औद्योगिक प्रगति के साथ रोजगार, शिक्षा, व्यवसाय,खेल, कला, साहित्य,संस्कृति, विज्ञान, चिकित्सा,सामाजिक सरोकार, पर्यावरण, कृषि, उद्यानिकी, परिधीय ग्राम्य व बस्तरांचल का विकास और राजनीति आदि हर क्षेत्र में मिनी इंडिया के नाम से प्रसिद्ध भिलाई और भिलाइयंस ने देश विदेश में अलग पहचान बनाई है।

अविभाजित मध्य प्रदेश के नक्शे में 1959 में देश के प्रथम राष्ट्रपति डां. राजेंद्र प्रसाद ने बीएसपी में जब इस्पात उत्पादन का शुभारंभ किया तो भारत में आकार लेते लघु भारत को देश की प्रगति के लिए एक बड़ी क्रांति के रुप में देखा गया। दो मिलियन टन इस्पात उत्पादन से पांच मिलियन टन उत्पादन तक के युगांतरकारी सफर में बीएसपी के स्टील की धमक हर क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ रहा है। फिर चाहे वह देश में अधोसंरचनागत विकास हो, आईएनएस विराट अत्याधुनिक पनडुब्बी विक्रांत जैसा रक्षा और उपग्रह का क्षेत्र हो या फिर रेलवे को दुनिया की सबसे लंबी रेल देने या या देश को रौशन करने वाला भेल या गैस पाइप लाइन वाले गेल की बात हो । बीएसपी के फौलाद की चमक एक बंगला बने न्यारा से लेकर लंबे चौड़े गगनचुंबी फ्लाईओवर तक हर क्षेत्र में हो रही है। हमारा संयंत्र न सिर्फ सेल स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड में सबसे भव्य है बल्कि अफ्रो -एशिया में भी यह अग्रगामी है। देश की सांस्कृतिक दूत अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी गायिका पद्मविभूषण तीजन बाई और अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेटर राजेश चौहान से लेकर प्रथम आईआईटी टांपर शशांक सहित कई टैलेंटेड आईआईटियंस और हालिया ऐतिहासिक हाफ मैराथन के फर्राटा धावक ... तक चौतरफा फौलादी संस्कृति की देन हैं। बस्तर व रावघाट माइंस क्नांचल क्षेत्र के गरीब आदिवासी बच्चों को यहां शिक्षार्जन करवाकर मुख्य धारा में लाने में भी योगदान दे रहा है। देश व विश्व बाजार में अपने सेलेबल स्टील विक्रय व टैक्स व राजस्व से बीएसपी अरबों रुपए देश के खजाने को भरने में योगदान दे रहा है।

## छत्तीसगढ़ के विकास में मील का पत्थर बना
# भिलाई का औद्योगिक क्षेत्र



### लघु, मध्यम और भारी उद्योगों के उत्पाद देश विदेश में छाए

भिलाई के हथखोज स्थित औद्योगिक क्षेत्र का अहम अवदान जिला के साथ पूरे छत्तीसगढ़ में है। इतना ही नहीं यहां के लघु, मध्यम सहायक उद्योगों यानी एमएसएमईएस सहित बड़े उद्योगों के स्पेयर पार्ट्स व मशीनें आदि उत्पादन न सिर्फ भिलाई इस्पात संयंत्र बल्कि विदेशों में भी निर्यात होते हैं। प्रदेश क सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र अपनी परिधि में करीबन तीन सौ उद्योगों को समाहित किए हुए है।

साठ के दशक में भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के साथ ही यहां हथखोज में औद्योगिक क्षेत्र की भी आधारशिला रखी गई है।


यहां स्थित छोटे, मध्मय व सहायक उद्योगों के विकास के पीछे भिलाई इस्पात संयंत्र का उद्देश्य इन्हें स्वावलंबी बनाने के साथ हजारों बेरोजगारों के लिए रोजगारोन्मुखी जमीन तैयार करना था। शुरुआत पंद्रह उद्योगो से हुई जो पिछले साठ साल के दौरान अब करीबन तीन सौ उद्योगों तक पहुंच चुकी है। बीएसपी द्वारा इन लघु व सहायक उद्योगों को आर्डर यानी काम दिया जाता है जो संयंत्र के लिए कलपुर्जे आदि कई तरह के स्पेयर पाट्र्स बनाकर सप्लाई करते हैं। इनके अलावा कई मध्यम व कुछ बड़े इंडस्ट्री भारतीय रेलवे को उपकरण के अलावा , वायर और कैमिकल्स, स्टील मैन्यूफैक्चरिंग व कास्टिंग उत्पादकों अपने यहां तैयार पाट्र्स सप्लाई करते हैं। वहीं कुछ बड़े उद्योगों द्वारा मशीनें व स्पेयर पाट्र्स आदि विदेशों में भी निर्यात कर रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र के यह उद्योग ट्विनसिटी व जिला सहित प्रदेश के औद्योगिक विकास सहित सर्वांगीण प्रगति में महती योगदान रहा है। हजारों मजदूरों व कर्मियों को रोजगार देने के साथ प्रदेश शासन के कोष में भी करोड़ों रुपए का राजस्व दे रहे हैं।

उ
द्यमियों को उस दिन का इंतजार है जब प्रदेश सरकारों द्वारा इस औद्योगिक क्षेत्र को दिल्ली के पीथमपुरा या गाजियाबाद की तर्ज पर विकसित किए जाने के महत्वाकांक्षी सपने को पूरा किया जाएगा। ताकि बदले हुए विकासोन्मुखी और प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में पूरी तरह आत्मनिर्भर बनने के साथ अधिकाधिक स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ प्रदेश व समाज के विकास में अपेक्षित योगदान दे सकें।

इसके लिए उद्यमी प्रदेश सरकार, बीएसपी व केंद्र सरकार से अधिक उदार और सहयोगात्मक रुख की उम्मीद संजोए हुए हैं।

### लाइफ लाइन है बदलता ट्रांसपोर्टनगर

औद्योगिक क्षेत्र हथखोज से लगा ट्रांसपोर्ट नगर प्रदेश की लाइफ लाइन के साथ देश के माल परिवहन में भी अहम भूमिका अदा कर रहा है। यह छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा ट्रांसपोर्टनगर है, जहां दो हजार से अधिक हाईवा, ट्रकें और डंफर आदि वाहनों की आवाजाही होती है। ट्विनसिटी के यह ट्रांसपोर्टर भी अपने व्यवसाय से शहर के साथ प्रदेश के विकास में योगदान दे रहे हैं। पैंतीस साल पुराने इस ट्रांसपोर्टनगर का अब कायाकल्प हो रहा है,जिसके जल्द पूरी तरह पूर्ण हो जाने के बाद इसका लाभ व्यवसायियों व सरकार को मिलेगा। दो फेस में निर्माण हो रहे ट्रांसपोर्टनगर करीबन 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। कलेक्टर व नगर निगम से करोड़ों रुपए का टैक्स व राजस्व देने वाले ट्रांसपोर्टरों ने जल्द निर्माण कार्य पूर्ण किए जाने की मांग की है।



### समग्र औद्योगिक विकास के लिए उद्योग व संगठन हों मजबूत

**केके झा**
अध्यक्ष
एमएसएमई जिला उद्योग संघ

"भिलाई में छह दशक पूर्व स्थापित एशिया का सबसे बड़ा सार्वजनिक इस्पात उपक्रम भिलाई स्टील प्लांट अविभाजित मध्य प्रदेश के साथ भारत के आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित हो रहा है। औद्योगिक क्षेत्र हथखोज यानी यहां के लघु, मध्यम और बड़े उद्योगों के विकास में बीएसपी का अच्छा योगदान रहा । इसकी वजह पिछले 40, 50 साल के दौरान मजबूत नेतृत्व वाले बीएसपी अफसरों का सभी उद्योगों को साथ लेकर चलना रहा। जिम्मेदार अधिकारी यहां के उद्योग संगठन को पर्याप्त महत्व देते थे, चर्चा के बाद ही निर्णय लेते थे और उद्योग संगठन भी अपनी अपेक्षा या बात मजबूती से रखते थे। इसके परिणाम स्वरुप यहां का औद्योगिक विकास तेजी से हुआ। लेकिन पिछले एक दशक से दोनों ही क्षेत्र में आए नकारात्मक बदलाव से एमएसएमई को भारी आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बीएसपी अफसर समझा गए हैं कि हमें यहां दो चार साल ही काम करने है, जिसके चलते यहां के औद्योगिक संगठन को काम देने को लेकर अधिक महत्व नहीं दे रहे हैं। औद्योगिक संगठन भी बहुत कमजोर हो गए हैं। एमएसएमई के समग्र विकास के लिए वक्त और परिस्थिति के अनुसार औद्योगिक संगठन को भी परिपक्व होने के साथ उद्योगों को भी अपडेट होने की जरुरत है। उद्योगों को अपनी कार्यशैली में बदलाव के साथ समय पर काम करने और क्वालिटी व मशीन आदि को अपडेट करने की जरुरत है।"



### एक्सपांशन में उद्योगों को काम मिलने से बढ़ेगा रोजगार

**अरविंदर सिंघ खुराना**
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
एमएसएमई जिला उद्योग संघ

"प्रदेश और देश में औद्योगिक नगरी की पहचान एशिया के सबसे बड़े स्टील प्लांट भिलाई इस्पात संयंत्र के कारण है। बीएसपी के यहां के एमएसएमई उद्योगों को पर्याप्त काम देने के चलते ही औद्योगिक क्षेत्र भिलाई की भी एक अलग पहचान है। डेढ़ सौ से दो सौ एमएसएमई उद्योगों में 25 हजार मजदूरों और कर्मियो को रोजगार मिला है। बीएसपी के होने वाले विस्तारीकरण और आधुनिकीकरण एक्सपांशन प्रोजेक्ट में काम करने वाली बड़ी कंपनियों से स्थानीय उद्योगों को मदद मिलने से चुनौती के दौर से गुजर रहे एमएसएमई के विकास के नए द्वार खुलेंगे। औद्योगिक क्षेत्र भिलाई के 80 प्रतिशत एमएसएमईएस उद्योग बीएसपी से मिलने वाले काम पर निर्भर हैं। बीएसपी से हमें बहुत काम मिलता रहा है। संयंत्र से कच्चा माल मिलने पर यह उद्योग स्पेयर पाट्र्स आदि तैयार कर सप्लाई करते हैं। पिछले पचास साल में औद्योगिक विकास की प्रमुख वजह यही है। यहां के छोटे , मध्यम सहित बड़े उद्योगों का भी प्रदेश के विकास और रोजगार सुलभ कराने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। लेकिन पिछले कुछ साल से अधिकतर एमएसएमई अपेक्षित काम नहीं होने के कारण चौतरफा समस्या से गुजर रहे हैं। यहां के सौ उद्योगों में करीबन दस हजार लेबरों की आजीविका चल रही है। हमने बतौर एमएसएमई जिला उद्योग संघ की ओर से बीएसपी से मांग की है कि संयंत्र के एक्सपांशन प्रोजेक्ट में बाहर की जिन बड़ी कंपनियों को काम मिलेगा,प्रबंधन उन्हें हिदायत दे कि वे औद्योगिक एमएसएमई को भी पर्याप्त काम दें।"



### छग सहित देश की लाइफ लाइन है भिलाई का ट्रांसपोर्ट व्यवसाय

**इंद्रजीत सिंघ छोटू**
अध्यक्ष
भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसियेशन
सर्व समाज कल्याण समिति
युथ सिख सेवा समिति

"देश की लाइफ- लाइन माने जाने वाले ट्रांसपोर्ट व्यवसाय भारत के साथ छत्तीसगढ़ के विकास में महती योगदान दे रहा है। ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज से हजारों हाईवा और ट्रकें आदि गाड़ियों के जरिए माल ढुलाई पूरे देश में होती है। भिलाई में ट्रांसपोर्ट नगर का विकास भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के कारण ही हुआ। महात्मा गांधी रोड पावर हाउस से नब्बे के दशक में औद्योगिक क्षेत्र हथखोज में इसके स्थानांतरित होने और नव विकसित होने से ट्रांसपोर्टरों को सुविधा होगी। हमारे ट्रांसपोर्ट जगत का व्यवसाय भिलाई इस्पात संयंत्र के साथ पूरे देश से जुड़ा हुआ है। दो हजार से अधिक गाड़ियों की यहां से आवाजाही होती है। इससे ड्रायवर, क्लीनर, मैकेनिक,आटो स्पेयर पाट्र्स, टायर, पंचर, आरटीओ एजेंट,फास्ट फूड आदि खोमचे आदि धंधे से जुड़े करीबन दस हजार लोगों को भिलाई में रोजगार मिला हुआ है। हम सरकार को करोड़ों रुपए का टैक्स भी देते रहे हैं। भिलाई दुर्ग के ट्रांसपोर्टरों के योगदान को देखते हुए सरकार को भी विकास के लिए और अधिक सहयोगात्मक रुख अख्तियार किए जाने की आवश्यकता है। भिलाई के ट्रांसपोर्ट जगत का योगदान भिलाई इस्पात संयंत्र की सड़क परिवहन से स्टील की ढुलाई के साथ औद्योगिक क्षेत्र हखखोज के माल सहित छग और मुंबई, कोलकाता, चेन्नैई, बैंगलुरु, भोपाल और इंदौर सहित देश के चारों ओर ट्रांसपोर्टरों की गाड़ियों से अनाज, सब्जी, फल, सीमेंट, लोहा, कच्चा माल, बिल्डिंग मटेरियल आदि की हो रही है।"



### एमएसएमई के विकास में बीएसपी की अहम भूमिका

**रतन दासगुप्ता**
अध्यक्ष
बीएसपी एंसीलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन

"भिलाई इस्पात संयंत्र देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूत करने में न सिर्फ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है बल्कि भिलाई के औद्योगिक क्षेत्र के विकास में भी योगदान रहा है। यह छत्तीसगढ़ ,मध्य प्रदेश और झारखंड रीजन का सबसे बड़ा इंजीनियरिंग हब है। पिछले साठ साल में यहां के एमएसएमई उद्योगों को आगे बढ़ाने में बीएसपी के अवदान के साथ औद्योगिक क्षेत्र के छोटे और व मध्यम उद्योगों का प्रदेश की औद्योगिक प्रगति में अहम सहभागिता है। 1979 में पहली एंसीलरी की स्थापना के साथ ही धीरे धीरे स्थापित करीबन 2 सौ छोटे, मध्यम उद्योगों के और कुछ बड़े उद्योगों के विकास में बीएसपी से मिलने वाले आर्डर यानी काम का बड़ा योगदान रहा। हमें चैनल व एंगल आदि कच्चा माल बीएसपी से ही मिलता है।

एमएसएमई न सिर्फ बीएसपी बल्कि देश व विदेश में भी अपने उत्पाद सप्लाई कर रहे हैं। भारत में हम रेल, स्टील, डिफेंस, एनटीपीसी, जिंदल स्टील, भेल आदि को भी अपने उद्योगों के स्पेयर पाट्र्स और मशीनें आदि प्रोडक्ट सप्लाई कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ एमएसएमई सुझाव समिति के सदस्य रतन दासगुप्ता बताते हैं कि हमने सरकार को सुझाव दिया है कि जिस तरह सेंट्रल एमएसएमई एक्ट के तहत पीएसयू व नान पीएसयू को 1 हजार करोड़ टर्न ओवर वाले उद्योग से 25 प्रतिशत काम देना है, उसी तरह छग सरकार भी उद्योग नीति बनाए, ताकि यहां के उद्योगों के मैन्यूफेक्चरिंग के साथ लोगों को रोजगार मिल सके।"



### क्लीन एनर्जी पर जोर, गुणवत्ता का रोडमैप

**अमित कुमार अग्रवाल**
प्रोप्राइटर
पवन इंडस्ट्रीज

"पवन इंडस्ट्रीज के अमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छ और हरित ऊर्जा के उपयोग से लेकर जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य तक, औद्योगिक क्षेत्र में एक नई सोच सामने आ रही है। उद्योग अब क्लीन और ग्रीन एनर्जी स्त्रोतों, विशेषकर सोलर ऊर्जा के उपयोग पर फोकस कर रहा है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के साथ एक अधिक स्वस्थ और उत्पादक समाज बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। ऊर्जा ढांचे को अधिक सक्षम और आधुनिक डिजिटल अर्थव्यवस्था के अनुरूप विकसित करने पर भी जोर दिया गया है। उद्योग में कई लोगो को रोजगार मिल रहा है।

सोलर सिस्टम से बिजली उत्पादन कर उद्योग में उपयोग किया जा रहा है। बयान में कहा गया है कि हर स्टील कॉइल बीआईएस-आईएसआई मार्क के साथ, सख्त परीक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही बाजार में उतारी जाती है। उच्च राष्ट्रीय मानकों का पालन करते हुए लंबे समय तक टिकाऊ प्रदर्शन और सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।"



### सरकार के रोडमैप से बढ़ेगा उद्योग व्यवसाय

**प्रकाश सांखला**
अध्यक्ष
कैट दुर्ग इकाई एवं
दुर्ग सराफा व्यापारी संघ के

"कैट दुर्ग इकाई एवं दुर्ग सराफा व्यापारी संघ के अध्यक्ष श्री प्रकाश संखला ने कहा कि आने वाला समय पूरी तरह भारत का है, क्योंकि आज देश आत्मनिर्भरता, तकनीक, उत्पादन और नवाचार के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि विश्व के लिए एक मजबूत निर्माता और निर्यातक बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत में युवाओं की शक्ति, स्टार्टअप संस्कृति और स्किल डेवलपमेंट देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा रही है। हमारे युवा नई सोच, नई तकनीक और नए व्यापार मॉडल के साथ आगे बढ़ रहे हैं, जो आने वाले समय में भारत को वैश्विक नेतृत्व प्रदान करेंगे। प्रकाश संखला ने बताया कि सरकार की "मेक इन इंडिया", "वोकल फॉर लोकल" और "आत्मनिर्भर भारत" जैसी योजनाओं ने देश के व्यापार और उद्योग को मजबूती दी है। आज छोटे व्यापारी से लेकर बड़े उद्योगपति तक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि डिजिटल इंडिया और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास ने व्यापार करने की प्रक्रिया को आसान बनाया है। ऑनलाइन भुगतान, ई-मार्केट, बेहतर सड़क और परिवहन व्यवस्था ने भारत को आधुनिक अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर किया है। सराफा और पारंपरिक व्यापार के संदर्भ में उन्होंने कहा कि भारतीय बाजार की विश्वसनीयता और गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रही है। भारतीय उत्पाद अब वैश्विक बाजार में सम्मान के साथ स्वीकार किए जा रहे हैं।"



### बीएसपी की देन सहायक उद्योग, सुविधाओं से मिलेगी रफ्तार

**बिकुल अग्रवाल**
एम.डी.
स्टीलको इस्पात प्राईवेट लिमिटेड

"भिलाई के छोटे बड़े उद्योग भिलाई इस्पात संयंत्र की देन हैं। पिछले चालीस पचास साल के दौरान जो कुछ औद्योगिक विकास हुआ,वह बीएसपी के सहयोग सेही हो सका। अधिकतर एमएसएमई उद्योगों के बीएसपी पर निर्भर तो निर्भर हैं साथ ही देश के कई बड़ी कंपनियों को भी अपने प्रोडक्ट दे रहे हैं। भिलाई का औद्योगिक क्षेत्र रायपुर के बाद सबसे बड़ा है। सरकार को रेवेन्यू देने में यहां के इंजीनियरिंग उद्योग रायपुर से भी आगे हैं।

हम इंजीनियरिंग क्षेत्र में रेलवे, स्पंज आयरन, पावर और मैन्यूफैक्चरिंग आदि के पाट्र्स आदि भी सप्लाई करते हैं। केंद्र सरकार के वन नेशन वन टैक्स के बेहतर कदम से उद्यमियों को राहत मिली है। इसी तरह राज्य सरकार व नगर निगम भी लोकल सुविधा में मदद करे। लोकल टैक्सेस में रियायत के साथ औद्योगिक क्षेत्र में साफ सफाई और बेहतर होने से नीट एंड क्लीन माहौल से तेजी से औद्योगिक विकास के साथ उद्यमी व वर्कर्स को धूल, डस्ट से भी राहत मिलेगी।

केंद्र सरकार भारत को विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था से आगे ले जाने के साथ विकसित भारत के लक्ष्य हासिल करने पर भी जोर दे रही है, इसमें इंजीनियरिंग उद्योगों का भी बड़ा रोल होगा। इस लिहाज से देश के अन्य बड़े सर्वसुविधायुक्त इंडस्ट्रियल बेल्ट की तरह औद्योगिक क्षेत्र भिलाई को भी विकसित किए जाने की उम्मीद यहा के उद्यमी कर रहे हैं।"



### नीट एंड क्लीन बने औद्योगिक क्षेत्र, बढ़ेंगे उद्योग

**डां. जितेंद्र प्रसाद गुप्ता**
अध्यक्ष
उद्योग चेंबर भिलाई
छग चेंबर आफ कामर्स

"छत्तीसगढ़ में भिलाई एकमात्र शहर है, जो अपनी औद्योगिक और वाणिज्यिक चकाचौंध से पिछले साठ साल से आलोकित कर रहा है। इसमें भिलाई इस्पात संयंत्र का सतत फौलादी योगदान होने से यहां के सहायक,मध्यम और बड़े उद्योगों के विकास के साथ हजारों लोगों को रोजगार मिला। औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमी व व्यावसायियों के लाखों रुपए का टैक्स देने के बाद भी यह क्षेत्र डस्ट व गोबर से प्रदूषित है। यहां मूलभूत सुविधाएं अपडेट कर नीट एंड क्लीन माहौल होना चाहिए।

पानी, स्ट्रीट लाइट, सड़कें और और सफाई ए क्लास की होनी चाहिए। डीआईसी से हमारी अपेक्षा है कि एक्सपांशन मे अनावश्यक विलंब न करे। सरकार ने उद्योग नीति में सिंगल विंडो सुविधा दो दी है लेकिन आज भी उद्यमियों को लायसेंस आदि काम के लिए विभिनन विभागों में भटकना पड़ता है।

सारे लायसेंस सिंगल विंडो से तय समय में होने से सुविधा होगी। वहीं उद्यमियों को बैंकों से कम ब्याज में लोन मिलने से उद्योग व्यवसाय की तेजी से ग्रोथ होगी।

औद्योगिक क्षेत्र की तस्वीर और बेहतर होने से यहां के उद्योगों के तेजी से विकास के साथ निवेश के माहौल बनेगा। सरकार को इस ओर गंभीरता से ध्यान देन की उम्मीद उद्यमियों को है।"



### ड्रिंकिंग वाटर में जीएसटी कम होने से चमकेगा व्यवसाय

**विजय अग्रवाल**
अध्यक्ष
पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर एसोसिएशन
दुर्ग-भिलाई

"भिलाई उद्योग व्यवसाय का एक बड़ा केंद्र होने से इसका चौतरफा महत्व है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद तो इस क्षेत्र में बहुत तेजी से विकास हुआ है। स्टील, आटोमोबाईल से लेकर ड्रिंकिंग वाटर सप्लाई तक हर क्षेत्र में विकास होने से रोजगार के अवसर बढ़े हैं। सरकार ने हाल में पीने के पानी के व्यवसाय पर 14 प्रतिशत जीएसटी को कम कर 5 फीसदी कर दिया है। यह एक सराहनीय कदम है। इससे ड्रिंकिंग वाटर सप्लाई से जुड़ उद्यमियों व व्यवसायियों को ग्रोथ करने में सुविधा होगी। खर्च बचने यानी टैक्स व लागत कम होने से अधिक लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा। इसकी वजह जल का हर किसी के जीवन से जुड़ा होना है। इसके साथ ही उद्योग व्यापार की ओर युवाओं को आकर्षित करने के लिए उद्यमियों को इसी तरह की रियायत व सुविधाएं देने की जरुरत है। भिलाई का औद्योगिक क्षेत्र दिल्ली के गाजियाबाद इंडस्ट्रियल बेल्ट की तरह बनने का सपना पूरा होने की यहां के उद्यमियों को लंबे समय से प्रतीक्षा है। भिलाई की आवागमन आदि में बेहतर कनेक्टिविटी होने से भारी संभावनाएं हैं। समग्र औद्योगिक विकास होने से रोजागार, युवाओं को ट्रेनिंग और सरकार के राजस्व में भी बढ़ोत्तरी होगी। यहां के उद्यमियों को व्यवसाय या इंडस्ट्री ग्रोथ करने आदि के लिए बैंकिंग ऋण की जरुरत होती है लेकिन पेंचीदगी के साथ छूट नही होने और एक ही खिड़की से सारे काम नहीं होने से दिक्कत होती है। इंट्रेस्ट में रियायत व सरलीकरण से हमें सुविधा होगी।"



### संघर्ष से सफलता तकः मनीष पारख की मिसाल

**मनीष पारख**
डायरेक्टर
लाइफ केयर

"सरकारी स्कूल से पढ़ाई कर सीमित संसाधनों में करियर शुरू करने वाले मनीष पारख ने संघर्ष को अवसर में बदलते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य और डिजाइन क्षेत्र में एक मजबूत नेटवर्क खड़ा किया है। चार कंप्यूटरों से शुरू हुई छोटी ट्रेनिंग यूनिट आज बहु-सेवा समूह मेघगंगा ग्रुप के रूप में विकसित हो चुकी है, जो शिक्षा मॉडल, एडवांस हेल्थकेयर और मल्टी-ब्रांड बिजनेस को एक साथ जोड़ता है। हाल ही में उनकी संस्था अवीश एडुकॉम ने दुबई-बेस्ड ग्लोबल डिजाइन ब्रांड FADE और TISD के भारत में एक्सक्लूसिव संचालन अधिकार हासिल किए हैं। इससे छात्रों को अंतरराष्ट्रीय करिकुलम और आधुनिक डिजाइन इंडस्ट्री का सीधा एक्सपोजर मिल रहा है, जो छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय डिजाइन शिक्षा मानचित्र पर नई पहचान दे रहा है। मनीष पारख का "एडुप्लेक्स" मॉडल एक ही छत के नीचे 50 से अधिक कोर्स उपलब्ध कराता है, जिसमें फैशन डिजाइन, ग्राफिक डिजाइन, हार्डवेयर-नेटवर्किंग, बीबीए, बीसीए और पीजीडीसीए जैसी प्रोफेशनल स्ट्रीम शामिल हैं। दुर्ग और भुवनेश्वर में संचालित संस्थान 100% जॉब प्लेसमेंट के लिए पहचाना जाता है और यह राष्ट्रीय कौशल विकास निगम से एफिलिएटेड है।"

Feature Impact

## खबर संक्षेप

### उतई थाना में शांति समिति की बैठक आज

**उतई।** आगामी 3 और 4 मार्च को होली त्यौहार के अवसर पर कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखने शांति समिति की बैठक 23 फरवरी को शाम 4 बजे थाना परिसर उतई में थाना प्रभारी महेश ध्रुव द्वारा रखी गई है। जिसमें थाना उतई में आने वाले सभी सरपंच ,पंच नगर अध्यक्ष ,पार्षद गणों व गण मन नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

### पूर्व सांसद मंडावी बने गोंडवाना समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**भिलाई।** गोंडवाना समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते के निर्देशन में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद व तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ के संरक्षक मोहन मंडावी को गोंडवाना समाज का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मोहन मंडावी पूर्व में गोंडवाना समाज के बस्तर संभाग के संभागीय सचिव और प्रदेश उपाध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं।

### भाजपा अजा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बने चंदेल

**धमधा।** धमधा मंडल में भारतीय



जनता पार्टी ने छत्रपाल चंदेल को अनुसूचित जाति मोर्चा का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। छत्रपाल चंदेल एक ऊर्जावान और प्रतिबद्ध नेता के रूप में जाने जाते हैं। वे पूर्व में ग्राम पंचायत बरहापुर के सरपंच रह चुके हैं।

### निधन

### वैद्यराज भुखन लाल साहू

**सेलूद।** ग्राम ढौर निवासी वेदराज



भुखन लाल साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम ढौर के मुक्तिधाम में किया गया। वे राधेलाल, गोपाल, जयराम साहू के पिता एवं नंद किशोर एवं यशवंत साहू के दादा थे।


## लापरवाही के चलते हादसे का अंदेशा, प्रशासन के दावों की खुल रही पोल

# पाटन स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही, लगा है गंदगी का अम्बार और गड्ढा भी खुला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

**मच्छरों का प्रकोप बढ़ा, गंदगी पर प्रशासन का ध्यान नही, हलाकान हो रहे मरीज व परिजन**



पाटन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक बार फिर गंभीर लापरवाही सामने आई है। स्वच्छता और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के दावों के बीच अस्पताल परिसर में फैली गंदगी ने प्रशासन की पोल खोल दी है। व्यवस्था तो बनाई गई, लेकिन देखरेख पूरी तरह से नजरअंदाज कर दी गई, है।

अस्पताल के डिलीवरी रूम के आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जहां एक ओर प्रसूता माताओं और नवजात शिशुओं को विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है, वहीं दूसरी ओर उसी परिसर में झाड़ियां, कचरा और गंदा पानी जमा दिखाई दे रहा है। अस्पताल परिसर में फैली झाड़ियों के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से डायरिया, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

ग्रामीणों ने बताया कि डिलीवरी के बाद जिन कमरों में जच्चा-बच्चा को रखा जाता है, उसके ठीक बगल में गंदगी का ढेर लगा है। यह स्थिति न केवल स्वास्थ्य मानकों के विपरीत है, बल्कि मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ भी है। अस्पताल आने वाले परिजनों में भी इस अव्यवस्था को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है।

बताया जा रहा है कि अस्पताल परिसर में एक स्थान पर गड्ढा (कुएं जैसी संरचना) खोदकर छोड़ दिया गया है, जिसके आसपास कोई सुरक्षा व्यवस्था या ढलान नहीं बनाई गई है। इससे किसी भी समय दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। खासकर रात के समय या बरसात में यह स्थिति और अधिक खतरनाक हो सकती है।



स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल व्यवस्था को लेकर पूर्व में भी खबरों के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

सवाल यह उठता है कि जब अस्पताल स्वयं ही अस्वच्छ और अव्यवस्थित हो, तो आम नागरिकों को स्वस्थ रखने की जिम्मेदारी कैसे निभाई जाएगी। जरूरत इस बात की है कि संबंधित विभाग तत्काल संज्ञान लेकर अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करे, ताकि संभावित बड़े हादसे को टाला जा सके और मरीजों को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

## वैशाली नगर की गरीब बेटियों की शादी में एक रुपए में होगा ब्राइडल मेकअप और मेहंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वैशाली नगर विधानसभा के विधायक रिकेश सेन ने अपनी विधानसभा की बहनों और बेटियों के लिए एक और घोषणा की है। इस घोषणा के तहत अब विधानसभा क्षेत्र की गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की बेटियों की शादी में उनका ब्राइडल मेकअप और मेहंदी एक रुपए में कराया जाएगा।

- 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से शुरू होगी योजना, जरूरतमंद परिवारों को मिलेगी राहत

विधायक सेन ने कहा कि एक पिता के लिए बिटिया और भाई के लिए बहन की शादी खुशी का अवसर होती है लेकिन महंगे खर्चों की चिंता उस खुशी को कम कर देती है। मेरी कोशिश है कि वैशाली नगर की किसी भी बेटी का श्रृंगार धन के अभाव में अधूरा न रहे। सामान्यतः एक दुल्हन का मेकअप 20 से 25 हजार और मेहंदी 1 से 5,000 रुपए में होता है।

8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से वैशाली नगर विधानसभा की बेटियों के लिए यह दोनों सुविधाएं मात्र 1-1 रुपए के टोकन शुल्क पर उपलब्ध होंगी। योजना का लाभ लेने के लिए परिवारों को विवाह तिथि से 15 दिन पूर्व जीरो रोड, शांति नगर स्थित विधायक कार्यालय में सूचना देकर अपना टोकन प्राप्त करना होगा।

## श्रीरामचरितमानस हमारे जीवन का आदर्श ग्रथ है : कमल वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



ग्राम रवेली में आयोजित दो दिवसीय संस्वर मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस मुख्य अतिथि अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के अध्यक्ष कमल वर्मा थे।

- ग्राम रवेली में भव्य दो दिवसीय रामायण प्रतियोगिता का समापन

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में श्री वर्मा ने कहा कि श्रीरामचरितमानस हमारे जीवन का आदर्श ग्रंथ है। उन्होंने कहा कि इसी के स्वरूप में हमारा भारतीय समाज विकसित हुआ है। रामचरितमानस में एक आदर्श राजा, आज्ञाकारी पुत्र, भाईचारे का प्रेम, माता-पुत्र का स्नेह तथा परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति प्रत्येक व्यक्ति के कर्तव्यों का सजीव चित्रण किया गया है। यह ग्रंथ हमें सुख, शांति और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आगे कहा कि यही कारण है कि हम सदैव रामराज्य की परिकल्पना करते हैं। रामचरितमानस हमारी सामाजिक बुनियाद की नींव है।

हम सभी इसके विभिन्न पात्रों के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर विश्व के समक्ष एक श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करने का प्रयास करते हैं। आयोजन समिति को लगातार 16 वर्षों से इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु उन्होंने बधाई दीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लता ताराचंद वर्मा, अध्यक्ष घांसी राम साहू, रविशंकर वर्मा, जागेश्वर साहू, राजेश वर्मा, विष्णु शर्मा, धर्मेंद्र यादव, रूपेंद्र वर्मा, लता वर्मा, भुनेश्वरी साहू, सुधा वर्मा, रेखा ठाकुर, मोहिनी साहू और रमेश बया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं श्रोतागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन भक्ति, श्रद्धा एवं उत्साह के वातावरण हुआ।

### परीक्षा का दौरः डीजे का शोर मचाने पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** अधिक शोर से डीजे बजाने के मामले में केसीसी पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ छग कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई कर डीजे साऊंड सिस्टम एवं वाहन को जब्त किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर केसीसी जिले में थाना क्षेत्रों में अधिक शोर से डीजे बजाने वाले व्यक्तियों पर कार्रवाई करने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस ने कार्रवाई अभियान छेड़ा है। जिसके तहत पुलिस टीम केसीजी द्वारा थाना छुईखदान क्षेत्रांतर्गत 11 फरवरी को आरोपी चंद्रशेखर विदान 35 साल निवासी खैरागढ़ के विरूद्ध धारा छग कोलाहल अधिनियम की धारा 4, 15 के तहत कार्रवाई कर डीजे साउंड सिस्टम और डीआई वाहन जब्त किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार इन दिनों 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाएं चल रही है। जिसके मद्देनजर अधिक शोर में डीजे बजाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। शिकायत मिलने पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।



### पीताम्बर का सीआरपीएफ में चयन

**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत अकतई के आश्रित ग्राम रीवागहन निवासी विश्राम ठाकुर के सुपुत्र पीताम्बर ठाकुर का सीआरपीएफ में चयन हुआ है। छोटे से आश्रित गांव की इस उपलब्धि से हर्ष का माहौल है। सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद सहित ग्रामीणों ने पीताम्बर का स्वागत आतिशबाजी और पुष्पहार के साथ किया। इस खुशी के अवसर पर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया गया। इस दौरान गोवर्धन ठाकुर,ओम प्रकाश, पंच देव राज ठाकुर, देवेंद्र साहू, हरीश साहू, जीधन साहू एवं बड़ी संख्या में परिवार जन, मित्र साथियों ने उनका स्वागत किया।

## अंचल की खबरें

### स्थानांतरण पर शिक्षक को दी विदाई



**जामगांव आर।** शासकीय प्राथमिक शाला गातापार में सम्मान समारोह का आयोजन कर शिक्षक जितेंद्र कुमार चंद्राकर को प्राथमिक शाला ओटेबंद के लिए विदाई दी गई। आयोजन में देवेंद्र कुमार साहू ने महती भूमिका निभाई। सीआईएसएफ से सेवानिवृत अधिकारी ग्राम पंचायत गातापार सरपंच रेवाराम साहू ने अपनी शुभकामनाएं दी। सांसद प्रतिनिधि टेसराम साहू ने कहा कि कर्म की प्रधानता के साथ किया कार्य इतिहास लिखता है। जितेंद्र चंद्राकर ने कहा कि सर्विस लाइफ में गातापार स्कूल स्टॉफ एवं बच्चों व ग्रामीणों का पारिवारिक स्नेह सम्मान जीवन की अनमोल धरोहर है। समारोह में सरपंच रेवाराम साहू , केशवराम ठाकुर अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, तालसिंह साहू उपाध्यक्ष, टेसराम साहू सासंद प्रतिनिधि, पवन कुमार साहू, देवेन्द्र कुमार साहू,प्रधान पाठक श्रीमति भुनेश्वरी नेताम, सहायक शिक्षक झामन लाल सोनवानी, अरुण कुमार साहू विधायक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### वार्षिक पुरस्कार वितरण, बिदाई सम्मान समारोह



**जामुल।** डॉ. मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के विदाई सम्मान समारोह का आयोजन 20 फरवरी शुक्रवार को बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका जामुल ईश्वर सिंह ठाकुर , अदानी सीएसआर क्लस्टर हेड एसीसी जामुल सीमेन्ट वर्कर्स जमील अख्तर खान और प्राचार्य डॉ. एस. सिंह ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विदाई समारोह के अंतर्गत महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने मंच पर अपने अनुभव साझा किए तथा महाविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। कनिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, नृत्य एवं मनोरंजक गतिविधियों की प्रस्तुति दी गई जिससे वातावरण भावुक एवं उल्लासपूर्ण हो उठा। समारोह में प्रमुख रूप से महाविद्यालय के जन भागीदारी समिति के सदस्य अश्विनी यादव, राजेश यादव व महाविद्यालय के प्राध्यापकगण बलराज ताम्रकर, गजेन्द्र कश्यप, डॉ भावना माहुले, डॉ रमेश मेश्रम, संजय परगनिहा, डॉ रचना चोधरी, पी हेमा राव, डॉ अन्जुमाला, डॉ अशोक यादव, भुनेश्वर साहू आदि एवं डॉ. मनराखनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### स्वच्छता के प्रति समर्पण बनाए रखने किया आह्वान




**सेलूद।** जनपद पंचायत पाटन के सभागार में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता बहनों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक ने की। इस अवसर पर श्रीमती कीर्ति नायक ने स्वच्छता बहनों से संवाद करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की सफलता में स्वच्छता बहनों का योगदान अत्यंत सराहनीय एवं महत्वपूर्ण है। उन्होंने मिशन को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु निरंतर समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

### सांसद बघेल ने डोम शेड का किया भूमिपूजन



**भिलाई।** वार्ड 33 संतोषी पारा कैंप-2 भिलाई में रविवार को कैंपेश्वर बैजनाथ धाम मंदिर के प्रांगण में सांसद विजय बघेल द्वारा वार्ड33 में डोम शेड का भूमि पूजन किया। विधि-विधान से पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। पार्षद शैलजा राजू और केमपेश्वर बैजनाथ धाम मंदिर समिति द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान जोन अध्यक्ष डॉ. जालंधर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, अमित मिश्रा, नवीन सिंह, रामपकर तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक गुप्ता, राहुल परिहार, पूर्व महिला मंडल उपाध्यक्ष ममता भारद्वाज सहित वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### जेईई मेंस में मां सारदा पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**भिलाई।** जेईई मेन्स 2026 के परिणाम में मां सारदा पब्लिक स्कूल, सेक्टर-9 के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया



है। स्कूल की छात्रा वत्सला जिंदल ने 99.921 पर्सेंटाइल हासिल कर छत्तीसगढ़ टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। इसके साथ ही छात्र पियूष पाल ने 98.91 पर्सेंटाइल और रितेश प्रभात साहू ने 98.00 पर्सेंटाइल अर्जित कर स्कूल का नाम रोशन किया। तीनों विद्यार्थियों की सफलता से स्कूल परिसर में उत्साह का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को इस उपलब्धि का श्रेय दिया है। प्राचार्य ने कहा कि यह परिणाम लगातार अनुशासन, नियमित अभ्यास और लक्ष्य पर फोकस का नतीजा है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को देते हुए आगे आईआईटी में प्रवेश का लक्ष्य बताया है। इस शानदार प्रदर्शन से सेक्टर-9 स्थित मां शारदा पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता साबित की है।

### मैत्री महाविद्यालय में प्लेसमेंट कैंप में 172 प्रशिक्षु शिक्षकों का चयन



**भिलाई।** मैत्री महाविद्यालय भिलाई शनिवार को केंपस चयन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित स्कूल मैत्री विद्या निकेतन रिसाली, डीपीएस राजनांदगांव, हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल दुर्ग, श्री शारदा विद्या निकेतन जामुल, इंदु आईटी स्कूल कोहका, बेथनी विद्यालय बोरसी दुर्ग, संस्कार पब्लिक स्कूल गाड़ाडीह, अरिहंत पब्लिक स्कूल बालोद, नीरज पब्लिक स्कूल दुर्ग, शांडिल्य पब्लिक स्कूल पाटन, महावीर ग्लोबल स्कूल पाटन, प्रिज्म स्कूल महकाकला उतई, श्री हरि पब्लिक स्कूल ओटेबंध ने पीआरटी, टीजीटी, पीजीटी पद के लिए साक्षात्कार आयोजित किए। इसमें विभिन्न शिक्षा महाविद्यालयों से प्रशिक्षु उपस्थित हुए। इस प्लेसमेंट गतिविधि में शिक्षा के विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षा महाविद्यालयों के लगभग 378 बी.एड. प्रशिक्षुओं और पूर्व छात्रों ने भाग लिया और विभिन्न स्कूलों द्वारा 172 प्रशिक्षु शिक्षकों का चयन किया गया। एमईसीए अध्यक्षा राजम सुधाकरन और निदेशक एस सजीव, एस साजन, डॉ. सजीता थम्बी और भिलाई मैत्री कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सुरेखा विनोद पाटिल ने प्लेसमेंट सेल के सदस्यों डॉ. स्वप्ना अनिल प्लेसमेंट सेल के प्रभारी, डॉ. डी लक्ष्मी, डॉ. नीरज चैबे, केमलता साहू और भिलाई मैत्री कॉलेज के सभी शिक्षकों को कैंपस सेलेक्शन कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### गुरुदेव इंटर प्राइजेस उतई में दिया जा रहा है ऑफर




**भिलाई।** मुक्ता पेट्रोल पंप के बाजू में, पाटन रोड डुमरडीह, उतई में संचालित गुरुदेव इंटरप्राइजेस में स्पेशल शादी सीजन का ऑफर दिया जा रहा है। ऑफर के अनुसार शादी के सम्पूर्ण सामान पर भारी छूट दिया जा रहा है। आधार कार्ड एवं पैन कार्ड पर कम से कम डाउन पेमेंट पर फर्नीचर व इलेक्ट्रानिक्स के समान उपलब्ध है। ग्राहक मनपसंद समान आज ही घर ले जाएं तुरंत फाइनेंस की सुविधा है। बेड, सोफा, आलमारी, फ्रिज, टी.वी. वाशिंग मशीन पर विशेष डिस्काउंट दिया जा रहा है। कम ईएमआई पर बड़ा समान ले जा सकते हैं। यह ऑफर निश्चित समय के लिए है। बजाज फाइनेंस एवं आईडीएफसी फस्ट बैंक के द्वारा फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है। शादी का समान खरीदने पर निश्चित उपहार दिया जायेगा एवं घर पहुंच सेवा फ्री है।

## उतई महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

# सफलता का रास्ता शार्टकट नहीं होता : विधायक चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई



शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विधायक और राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चन्द्राकर थे।

इस दौरान अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि सभी युवा विद्यार्थी अपनी ऊर्जा और ताकत का सही दिशा में उपयोग करें। सफलता अवश्य मिलेगी। इस अवसर पर विशेष अतिथि क्षेत्रीय अपर संचालक दुर्ग संभाग दुर्ग, डॉ. अनुपमा अस्थाना और प्राचार्य डॉ. शुभा शर्मा ने भी संबोधित किया। आयोजन में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की प्रावीण्य सूची में 8वां स्थान प्राप्त करने के लिए कुमारी रोशनी, एम.ए. अर्थशास्त्र, एम.एस-सी वनस्पतिशास्त्र एवं एम.ए. इतिहास में 9वाँ स्थान प्राप्त करने के लिए विकास साहू और तुषार डोंगरे को पुरस्कृत किया गया। खेलकूद में कुमारी नीलम यादव, पुष्पा देवी को कबड्डी तथा उमा साहू, डिकेश्वरी, राधिका और त्रिवेणी को राष्ट्रीय स्तर पर खो-खो प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए पुरस्कृत किया गया। चेतना साहू को बॉल बैडमिंटन दक्षिण एशियाई चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। एन.सी.सी. की विशेष उपलब्धियों के लिए पुष्पांजलि, श्वेता टंडन, साक्षी रावटे, दुर्गा साहू और आस्था यदु एवं हर्षित चन्द्राकर को एन.एस.एस. में विशेष उपलब्धि के लिए पुरस्कृत किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता (अंग्रेजी) में जिला स्तर पर प्रथम और हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग का प्रतिनिधित्व करने के लिए टीशा चक्रधारी को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक झलकियाँ प्रस्तुत कीं। आयोजन में सरस्वती नरेन्द्र साहू, शीतला ठाकुर, शिवनारायण देशमुख, सोनू राजपूत, चंदू देवांगन, प्रवीण यदु और ममता चन्द्राकर उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ प्राध्यापक रीता गुप्ता, अनुसूईया जोगी तथा राकेश मिंज ने किया। युवा प्राध्यापक रितेश नायक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस आयोजन में प्राध्यापक सियाराम शर्मा, विद्या पंचांगम, अर्चना पाण्डेय, पंकज सोनी, संदीप सोनी और लोकेश्वर ठाकुर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

हरिभूमि
रायपुर, सोमवार 23 फरवरी 2026
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

रंगों का त्योहार होली, बाजारों में बढ़ी रंग-गुलाल की डिमांड



## लाइव इवेंट

### देवांगन समाज के प्रतिभावान हुए सम्मानित पत्रिका आवरण का विमोचन



**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति द्वारा परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन परमेश्वरी भवन प्रगति नगर में किया। कार्यक्रम में मंत्री लखन लाल देवांगन प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर समाज के आम सदस्यों, महिला एवं युवा प्रकोष्ठ, समिति के उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं, सेवानिवृत्त कर्मियों, गीत, संगीत एवं जसगीत के कलाकारों, समाज के वरिष्ठजनों, भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत यशवंत देवांगन को डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित होने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रामगोपाल देवांगन, कल्पना देवांगन ने किया। आभार प्रदर्शन सचिव सोहनलाल देवांगन ने किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष रामानन्द देवांगन ने समाज के संगठन और एकजुटता के महत्व को बताया। परमेश्वरी भवन में बचे हुए निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए समाज को आश्वस्त किया। इस अवसर पर ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, पूर्व विधायक डॉ. बालमुकुंद देवांगन, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू मौजूद थे। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने आवरण के 29 वें अंक का विमोचन किया।

## सिटी इवेंट

### छग बजरंग दल की नई कार्यकारिणी घोषित, ओम रवि भारती बने अध्यक्ष




**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ बजरंग दल के प्रांतीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि दुर्ग और भिलाई जिला को अलग किया जाए, जिससे अधिक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी जुड़ सके। इसके लिए कुछ दिनों के लिए संगठन की कार्यकारिणी को भंग किया गया था। इसके बाद प्रांत संयोजक रतन यादव और प्रांत मंत्री विकास ठाकुर द्वारा दुर्ग एवं भिलाई की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें विभाग, जिला, महानगर एवं प्रखंड स्तरीय दायित्वों की जिम्मेदारी सौंपी गई। विभाग संयोजक कुशल तिवारी, सहसंयोजक लक्ष्मण यादव, मंत्री प्रवीण कथलकर, गौ रक्षक प्रमुख कुलेश्वर यादव को बनाया गया।दुर्ग जिला अध्यक्ष ओम रवि भारती, मंत्री देवआशीष घोष, संयोजक अश्मित साहनी, सहसंयोजक राजा साहू, सहसंयोजक धनेश धोरा, अखाड़ा प्रमुख अभिषेक मनहरे, गौ रक्षा प्रमुख ऋषभ जैन, संयोजक कमलेश यादव, सहसंयोजक राजा पटेल को बनाया गया। भिलाई जिला अध्यक्ष विनोद यादव, उपाध्यक्ष कमलजीत साव, संयोजक पुष्पराज सिंह, विद्यार्थी प्रमुख प्रखर उमरे, मातृ शक्ति संयोजिका डॉ. गीतांजलि धोरा नियुक्त की गई। मातृ शक्ति की कार्यकारिणी आगामी दिनों में घोषित की जाएगी। रतन यादव ने कहा कि बजरंग दल एक ऐसा संगठन है, जिसमें युवा शक्ति को धर्म काज में लगाने के लिए तैयार किया जाता है। बजरंग दल सदैव लव जिहाद, धर्मान्तरण एवं गौहत्या जैसे कार्यों को रोकने एवं ऐसा करने वालों को कानून के तहत उचित सजा दिलाने का काम करता है।

- प्रांत संयोजक रतन यादव के नेतृत्व में आयोजित की गई बैठक, कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए

## सिटी इवेंट

### साहित्यकार बलदाऊ राम साहू की तीन नवीन कृतियों का हुआ विमोचन



**दुर्ग।** अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर दुर्ग में एक साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साहित्यकार बलदाऊ राम साहू की तीन नवीन कृतियां पहाती के सुकवा, अब पलाश में अंगार कहां, और छत्तीसगढ़ी बाल कहानी का विमोचन हुआ। सर्व प्रथम बलदाऊ राम साहू ने अपने कृतियों के विषय प्रकाश डालते हुए रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाषाविद डॉ. चित्तरंजन कर ने छत्तीसगढ़ी भाषा की मिठास और इसकी साहित्यिक गहराई पर जोर देते हुए कहा कि बलदाऊ साहू अपने साहित्य माध्यम से समाज चेतना पैदा करते हैं। उनकी तमाम रचना समसामयिक हैं।

अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवास्तव ने कहा है कि बलदाऊ राम साहू की रचनाओं में कबीर की तरह सपाट बयानी करते हैं। कहीं तीखा व्यंग्य है, तो कहीं समाज सापेक्ष बातें भी हैं। डॉ. माणिक विश्वकर्मा ने कहा कि बलदाऊ राम साहू की रचनाओं में सहजता है। वे गंभीर विषयों को भी इस तरह प्रस्तुत करते हैं कि सामान्य पाठक भी समझ सके। सभा को सीएस पांडेय अध्यक्ष जेएनएस और स्व. मुकुंद कौशल की धर्मपत्नी हीरा कौशल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से कहानीकार गुलबीर सिंह भाटिया, संजय दानी, सरता शर्मा, सुशील यदु, जयनारायण श्रीवास्तव, संजीव तिवारी, बालोद से सीताराम साहू आदि मौजूद थे।

- भिलाई-दुर्ग में रंग-गुलाल की 250 से ज्यादा दुकानें लगीं, 50 से ज्यादा जगहों पर थोक की दुकानें

# होली के लिए पिचकारियों का बाजार गुलजार, त्रिशूल हथौड़ा, इलेक्ट्रॉनिक गन और नागिन की सबसे ज्यादा डिमांड

**4 मार्च को होली है। 2 मार्च को होलिका दहन है। चंद्रग्रहण और सूतक के कारण 3 मार्च को होली नहीं मनाने की पंडितों ने सलाह दी है। इस बीच होली त्योहार की खुमारी धीरे-धीरे लोगों में चढ़ने लगी है। होली का त्योहार नजदीक आते ही बाजार पिचकारी और रंग-गुलाल की दुकानों से सज गए हैं। दुर्ग में इंदिरा मार्केट, महिला समृद्धि बाजार के सामने जेल रोड, सिकोलाभाठा सब्जी मार्केट, गांधी चौक, हठरीबाजार सहित अन्य जगहों पर दुकानें सज गई हैं। वहीं भिलाई में घड़ी चौक सुपेला, संडी मार्केट, आकाशगंगा, पावर हाउस, गोल बाजार वैशालीनगर सहित टाउनशिप के बाजारों में तरह-तरह की पिचकारियां और रंग-गुलाल बिकने के लिए आए हैं। इस बार त्रिशूल, हथौड़ा, तंबोला, इलेक्ट्रॉनिक गन और टैंक वाली पिचकारियों की विशेष मांग है। बच्चों के लिए मोटू-पतलू पिचकारियां भी बाजार में उपलब्ध हैं।**

**भिलाई।** खास बात यह है कि इस साल भी हर बार की तरह पिचकारियों पर महंगाई का असर देखने को मिल रहा है, कीमतें पिछले साल से 15 प्रतिशत ज्यादा हैं। बाजार में 10 रुपए से लेकर 1200 रुपए तक की पिचकारियां मौजूद हैं। इस बार नेताओं के चित्रों वाली पिचकारियां गायब हैं, जबकि सुपरहिट फिल्मों के थीम पर आधारित पिचकारियां बाजार में छाई हुई हैं।

इंदिरा मार्केट दुर्ग में पिचकारियों की दुकान लगाने वाले राज कुमार ने बताया कि पुष्पा फिल्म की कुल्हाड़ी जैसी पिचकारी और गदर 2 का हथौड़ा लोगों को खूब पसंद आ रहा है। भगवान भोलेनाथ का त्रिशूल भी पिचकारी के रूप में काफी बिक रहा है। पहली बार बाजार में आई तंबोला पिचकारी और इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी भी ग्राहकों का ध्यान खींच रही हैं। बच्चों में कार्टून नेटवर्क के मोटू-पतलू की पिचकारियां भी लोकप्रिय हैं। स्प्रे के रूप में रंग बरसाने वाली पिचकारियां भी बाजार में उपलब्ध हैं। बाजार में उपलब्ध कुछ नई पिचकारियां जैसे इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी 550 रुपए, नागिन 180 रुपए, कैंडी 60 रुपए, तंबोला 200 रुपए, पुष्पा फिल्म की कुल्हाड़ी 150 रुपए, गदर 2 का हथौड़ा 200 रुपए और इलेक्ट्रॉनिक गन 500 रुपए में बिक रही हैं। सस्ते दाम में पुरानी डिजाइन की पिचकारियां उपलब्ध हैं, यह 5 रुपए से लेकर 200 रुपए में उपलब्ध है। हर्बल गुलाल और रंग की डिमांड ज्यादा है। शहर में इस बार 250 से ज्यादा दुकानें लगी हैं। वहीं 50 से ज्यादा दुकानें होलसेल की हैं। ये दुकानें ग्राहकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इस साल होली पर बाजार में पिचकारियों की नई और आकर्षक वैरायटी उपलब्ध है, जो ग्राहकों को खूब पसंद आ रही है।





### इलेक्ट्रॉनिक बंदूक 1250 रुपए में बिक रही, सबसे ज्यादा डिमांड



पिचकारियों में कई वैराइटी है, लेकिन बंदूकनुमा पिचकारी की डिमांड सबसे ज्यादा है, जो 1250 रुपए में बिक रही है। होली के मार्केट में यह धमाल मचा रही है। पहली बार भिलाई शहर में इलेक्ट्रिक गन देखने को मिली है, जिसमें पानी स्टोर करने के लिए भी जगह है।छोटे बंदूक की कीमत 1100 और बड़े साइज का बंदूक करीब 1250 रुपए है। हर्बल गुलाब 150 किलो और लोकल गुलाल 100 किलो में बिक रहा है। ये होलसेल रेट हैं। घड़ी चौक सुपेला में होलसेल की दुकान लगा रहे संचालक ने बताया कि लोगों द्वारा हर्बर गुलाल और रंग की डिमांड की जा रही है। इस बार मार्केट में कई तरह की वैराइटी आई है। डिमांड के अनुरूप ही उन्होंने सामान मंगाया है।



# शहर के 100 से ज्यादा युवाओं ने जगन्नाथ के किए दर्शन, सुख-समृद्धि की कामना की

**दुर्ग।** आस्था, एकता और उत्साह का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला जब दुर्ग जिले के 100 युवा दुर्ग से पवित्र धाम पुरी पहुंचे और विश्वविख्यात जगन्नाथ मंदिर में एक साथ भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए।

इस धार्मिक यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिला प्रवक्ता नितेश साहू ने किया। उनके मार्गदर्शन में युवाओं का यह दल पूर्ण अनुशासन और भक्ति भावना के साथ यात्रा पर निकला। मंदिर परिसर में सभी युवाओं ने एक साथ भगवान के जयकारे लगाए और नगर एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और विकास के लिए विशेष प्रार्थना की। यात्रा के दौरान मंदिर परिसर में जय जगन्नाथ के गगनभेदी नारे गूंज उठे। साथ ही युवाओं ने छत्तीसगढ़ माता का भी जयकारा लगाकर अपने प्रदेश के प्रति गर्व और समर्पण व्यक्त किया। यह दृश्य अत्यंत भावुक और ऊर्जा से भरपूर रहा, जिसने



वहां उपस्थित अन्य श्रद्धालुओं का भी ध्यान आकर्षित किया। नितेश साहू ने कहा कि इस प्रकार की आध्यात्मिक यात्राएं युवाओं में संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रीय चेतना का विकास करती हैं।

उन्होंने बताया कि सभी युवाओं ने प्रदेश की खुशहाली, रोजगार के अवसरों में वृद्धि और समाज में सद्भावना के लिए भगवान से आशीर्वाद मांगा। धार्मिक अनुष्ठानों और दर्शन के पश्चात युवाओं ने पुरी के प्रसिद्ध समुद्र तट पर पहुंचकर समुद्र का आनंद भी लिया। समुद्र किनारे सभी ने सामूहिक रूप से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि युवाओं में एकजुटता, नेतृत्व और सकारात्मक सोच का संदेश भी लेकर आई। दुर्ग लौटने पर सभी युवाओं ने इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय अनुभव बताया।

# उतई पुलिस ने किया अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट कुणाल का सम्मान



**दुर्ग।** उतई पुलिस द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा, एवं नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। इसमें अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट कुणाल साहू एवं चेतन साहू का सम्मान किया। उतई पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान चला कर लोगों को जानकारी दी जा रही है। नाश में वाहन गाड़ी ना चलाए और हेलमेट पहन कर वाहन चलाएं। समाज सेवकों ने लगभग 200 हेलमेट का भी निशुल्क वितरण किया। एएसपी ग्रामीण मणिशंकर चंद्रा, जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू,डॉ. पवन तिवारी सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर महिलाओं को नशाखोरी के खिलाफ अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया। लोगों को जागरूक करने संदेश दिया गया।

- साइबर क्राइम से निपटने के लिए प्रशिक्षण भी दिया

प्रज्ञानालय क्रियायोग आश्रम में पांच दिवसीय विशेष साधना शिविर का किया जा रहा आयोजन

कार्नर न्यूज

# प्रज्ञानानंद पहुंचे पद्मनाभपुर, विशेष साधना शिविर में दर्शन को जुटे क्रियायोगी, कहा- क्रियायोग सिखाता है ध्यान और श्वास नियंत्रण

**दुर्ग।** प्रज्ञानालय क्रियायोग आश्रम पद्मनाभपुर दुर्ग द्वारा क्रियायोगियों के लिए आयोजित पांच दिवसीय विशेष साधना शिविर का शनिवार को चोपड़ा पेलेस आदर्श नगर में शुभारंभ हुआ। शुभारंभक्रियायोग के विश्वगुरु परमहंस प्रज्ञानानंद महाराज व शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विशेष अतिथि के रूप में पार्षद लीलाधार पाल, संजय अग्रवाल, सविता पोषण साहू व आश्रम की संचालिका धरानंद गिरि मौजूद रहे। इस अवसर पर क्रियायोगियों को सम्बोधित करते हुए शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि किसी भी काम को मन व एकाग्रता से करना ही साधना कहलाता है। क्रियायोग में सभी चक्रों का चक्र शोधन आवश्यक है। महावतार बाबा के सम्बंध में बताते हुए उन्होंने कहा कि महावतार बाबाजी महाराज अजर और अमर हैं। कभी वे निराकार होते हैं, तो कभी अपने शिष्यों के समक्ष किसी भी रूप में प्रकट होकर मानवता को सांसारिक बंधनों से मुक्त करते हैं। कार्यक्रम में गुरुदेव परमहंस प्रज्ञानानंद महाराज ने कहा कि क्रियायोग ध्यान तकनीके, श्वास नियंत्रण और शांति सिखाता है, प्रत्यक्ष और तात्कालिक आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है, मन को शुद्ध और विकसित करने में मदद करता है और इच्छा और अहंकार के बंधन को मिटाता है, शरीर को शक्ति और स्फूर्ति प्रदान करता है, गैर-सांप्रदायिक है और सिखाता है कि सभी क्रियाएं पूजा हो सकती हैं, केवल एक अधिकृत और सशक्त गुरु के सीधे संपर्क से ही सिखाया जाता है।




### क्रियायोग करता है मुक्ति का मार्ग प्रशस्त

उन्होंने कहा कि आत्म-साक्षात्कार प्राप्त गुरुओं की एक अटूट श्रृंखला के माध्यम से हमारे पास आया है। उन्होंने कहा कि क्रियायोग तकनीक में सिखाई जाने वाली सरल एवं आसान श्वास नियंत्रण तकनीक, खोई हुई संतुलित अवस्था को पुनः सीमित करती है एवं मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है, किन्तु इसके अभ्यास हेतु आत्मोपलब्धि प्राप्त गुरु का मार्गदर्शन आवश्यक है। इस प्रक्रिया में श्वास के द्वारा लिया गया शुद्ध प्राणवायु(ऑक्सीजन) शरीर के आंतरिक अवयवों को शुद्ध करता है, अंगों को क्रियाशील करता है एवं भूख में वृद्धि करता है। यह शरीर को शक्ति एवं यौवन तथा मन को स्मृति, धैर्य और प्रतिभा प्रदान करता है।यह शरीर मन बुद्धि एवं जीवन को एक साथ शुद्ध करता है। इस प्रक्रिया के लिए खान-पान संबंधी किसी प्रकार के परहेज की आवश्यकता नहीं होती।



### शिक्षामंत्री हुए शामिल किए गए सम्मानित

कार्यक्रम में गुरुदेव द्वारा स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को शाल श्रीफल व क्रियायोग की किताब देकर सम्मानित किया गया। पार्षदों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर आश्रम के अध्यक्ष टीके कुम्भज, सचिव युवराज देशमुख, कोषाध्यक्ष दिलीप देशमुख, कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश वर्मा, गजानन्द गौतम, बीबी कुशवाहा, कामत निर्मल, दयाराम सिन्हा, अजय नारायण, अवधेश विश्वकर्मा, प्रहलाद त्रिवेदी, घनश्याम भरतद्वाज, अविनाश, आशीष, महेश के अलावा बड़ी संख्या में क्रियायोगी मौजूद रहे।

सिटी इवेंट

## साइबर अपराध को लेकर विशेषज्ञों ने किया जागरूक, दिए कई टिप्स



**भिलाई।** उदय महाविद्यालय जामुल और बीएसपी एससी एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन भिलाई में साइबर अपराध पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें साइबर ठगी से कैसे बचे इसकी जानकारी दी गई।मुख्य प्रवक्ता डॉ. संकल्प राय प्रभारी साइबर सेल थाना कोतवाली भिलाई ने साइबर अपराध के प्रति जागरुकता ओर बचाव की जानकारी देते हुए कहा कि आज इंटरनेट हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। व्यवसाय, शिक्षा, मनोरंजन और बैंकिग के लिए इंटरनेट का उपयोग करते है।

इंटरनेट का उपयोग करते समय सावधानी न बरतने पर साइबर अपराध का शिकार हो सकते है। अपराधी फर्जी कॉल, नकली लिंक, ई-मेल, सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को ठगते है। कई बार लोग लालच या जल्द बाजी में अपनी निजी जानकारी ओटीपी पासवर्ड साझा कर देते है जिसके कारण आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता हैं। साइबर अपराध की समस्या होने पर बचाव के लिए भारत सरकार के राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोटिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि किसी भी प्रकार का पैसा डबल करना जैसे लालच में नहीं आना चाहिए।

लालच के कारण ही लोग ठगी के शिकार होते हैं। लोगों को फर्जी कॉल अटेंड नहीं करना चाहिए। यदि कभी ठगी का शिकार हो जाएं तो तुरंत साइबर हेल्प नम्बर 1930 उपयोग करके उसमें जानकारी दें। सीएसपी प्रशांत पैकरा ने बताया कि साइबर अपराध के प्रति जागरूकता ही समाधान है। स्वयं भी जागरूक रहे और दूसरों को भी जागरूक करें। कार्यक्रम में रामेन्द्र सिंह थाना प्रभारी जामुल, अध्यक्ष बीएसपी एससी एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन से कोमल प्रसाद, वेद प्रकाश सूर्यवंशी, विजय कुमार रात्रे सचिव, अनिल साखरे और महाविद्यालय के संचालक डॉ. टीआर साहू, प्राचार्या डॉ. अलिपा साहू, डॉ. कलावती राव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

खुर्सीपार थाने में सिविल डिफेंस प्रशिक्षण एवं प्रेरणा सम्मेलन का किया गया आयोजन

# हुड़दंगियों से निपटने महिला कमांडो मोर्चे पर, पुलिस ने दिया प्रशिक्षण, शाम होते ही क्षेत्रों का करेंगी गश्त

**भिलाई।** खुर्सीपार के श्रीराम मैदान में महिला कमांडो के लिए सिविल डिफेंस प्रशिक्षण एवं प्रेरणा सम्मेलन का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, पद्मश्री शमशाद बेगम और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन राठौर प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर खुर्सीपार, छावनी, जामुल, कुम्हारी एवं पुरानी भिलाई क्षेत्र के वार्डों एवं ग्रामों से 400 से अधिक महिला कमांडो ने सहभागिता निभाई। प्रशिक्षण सत्र में एसडीआरएफ की टीम ने सड़क दुर्घटना, आगजनी, बाढ़, भूकंप एवं अन्य आपदा परिस्थितियों में प्राथमिक प्रतिक्रिया, घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की प्रक्रिया, प्राथमिक उपचार, आग से बचाव तथा राहत एवं बचाव कार्य के समन्वय का व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया।

इसके अतिरिक्त महिला सुरक्षा संबंधी विधिक प्रावधान, साइबर अपराध से बचाव, सामुदायिक पुलिसिंग, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, नशा मुक्ति अभियान की रणनीति एवं यातायात नियमों के पालन के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। महिला कमांडो को अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता अभियान संचालित कर कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय सहयोग हेतु प्रेरित किया गया। विजय अग्रवाल ने कहा कि महिला कमांडो समाज में सुरक्षा एवं जागरुकता की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने आगामी होली पर्व के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया। सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते मामलों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने महिला कमांडो से अपने आसपास के परिवारों एवं नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करे और इसकी शुरुआत स्वयं से करे, तो अपराध रहित एवं सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है।



### महिला कमांडो को बांटी गई टॉर्च और केन सीटी

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों से आई महिला कमांडो टीमों को सशक्त बनाने हेतु टॉर्च एवं केन सिटी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिला कमांडो ने सशक्त नारी सशक्त छत्तीसगढ़ एवं नशा मुक्त समाज सुरक्षित समाज का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारी प्रशांत सिंह पैकरा, डॉ. चित्रा वर्मा, जिला सेनानी नगर सेना नागेंद्र सिंह, आनंद शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की कि वे नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन एवं सामाजिक समरसता के प्रयासों में सक्रिय सहभागिता निभाएं तथा किसी भी आपराधिक या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।






### आपराधिक घटनाओं की पुलिस को देंगी जानकारी

इस अवसर पर पद्मश्री शमशाद बेगम भी मौजूद थीं। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने कहा कि महिला कमांडो दल एक बार फिर सक्रिय किया जा रहा है। खुर्सीपार, छावनी, जामुल, कुम्हारी एवं पुरानी भिलाई क्षेत्र की 400 से अधिक महिला कमांडो को आपदा प्रबंधन, आत्मरक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा, यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा सड़क दुर्घटना, मानवजनित एवं प्राकृतिक आपदा की स्थिति में बचाव, प्राथमिक उपचार, सुरक्षित निकासी एवं समन्वित राहत कार्य का व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया। महिला कमांडो दल नियमित रूप से अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगी। किसी भी आपात स्थिति की जानकारी पुलिस को देंगी। होली के समय भी महिला कमांडो दल का सहयोग लेने की तैयारी पुलिस ने की है।

धर्म लाइव

## औद्योगिक क्षेत्र में बुद्ध व अम्बेडकर की प्रतिमाओं का किया अनावरण





**भिलाई।** शहर के हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र स्थित डॉ. बाबा साहेब बुद्धिस्ट सांस्कृतिक समिति धम्म भूमि में भगवान बुद्ध और डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का भंते डॉक्टर वेनरेबल शील रत्न बोधि ने अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीएसपी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार ने इसे एक अनुकरणीय पहल बताया। उल्लेखनीय है कि दानवीर आयुष्मान अशोक धवले ने अपने जन्मदिन पर यह दो प्रतिमाएं दान कर उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। उन्होंने यहां महाकारुणिक तथागत भगवान गौतम बुद्ध की धम्म मार्ग पर चल रही 6 फुट से ऊंची प्रतिमा दान कर स्थापित की और विश्व रत्न डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा भी स्थापित करवाई है।

आयोजन में मुख्य संरक्षक सुनील रामटेके, संरक्षक एल. उमाकांत, विनोद वासनिक, राजेश बंजारी, वर्षा बागडे, नरेंद्र शेन्डे, प्रमुख संरक्षक अशोक धवले, अध्यक्ष वीरेन्द्र नागदेव, राजेश कांबले ,धम्म सेवक संदीप चौरे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाजजन और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर त्रिशरण पंचशील और बुद्ध वंदना का पाठ के साथ प्रतिमाओं का अनावरण किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण जय भीम और जय बुद्ध के नारों से गूंजता रहा। इस अवसर पर डॉ. बाबासाहेब बुद्धिस्ट सांस्कृतिक समिति हाउसिंग बोर्ड भिलाई के अध्यक्ष डिलेंद्र नागदेवे, उपाध्यक्ष बसंत धारगावे, सचिव राजेश कांबले, सहसचिव धनंजय बड़गे, कोषाध्यक्ष गिरीश रामटेके, कार्यकारिणी सदस्य मिलिंद रामटेके, आनंदपुर घोड़गे, प्रकाश गजबे, धम्म सेवक संदीप चौरे, सदस्य मनोज बागडे, संरक्षक राजेश बंजारी, संजय बागडे, सदस्य शीतल सिंगाड़े, कार्यकर्ता सुरेंद्र मंडपे, दशरथ मेश्राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

रामचरित मानस का पाठ

## नवधा रामायण पाठ के दूसरे दिन राम जन्मोत्सव पर उमड़ा भक्तों का सागर

**भिलाई।** नेहरू नगर स्थित राधा–कृष्ण मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय नवधा रामायण पाठ के द्वितीय दिवस रविवार को प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में प्रातः से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लगभग 1000 से अधिक राम भक्तों ने एक साथ बैठकर रामचरितमानस का पाठ किया। जिससे संपूर्ण वातावरण राममय और भक्तिमय हो उठा।

जैसे ही जोधपुर राजस्थान से पधारे रामायण पाठकर्ता सुप्रसिद्ध पंडित गिरधर गोपाल आसोपा और पंडित सुशील आसोपा के श्रीमुख से श्रीराम जन्म प्रसंग का पाठ आरंभ हुआ, वैसे ही मंदिर परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। भजन-कीर्तन, रामधुन और संगीतमय प्रस्तुति के साथ श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर इस पावन क्षण का पुण्य लाभ प्राप्त किया।ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो अयोध्या नगरी स्वयं भिलाई में साकार हो उठी हो। प्रत्येक श्रद्धालु के चेहरे पर अपार खुशी और संतोष झलक रहा था कि उन्हें अपने जीवन में रामायण पाठ का यह दिव्य सौभाग्य प्राप्त हुआ है।



कार्यक्रम के दौरान मंदिर को आकर्षक पुष्प सज्जा और भव्य श्रृंगार से सजाया गया। प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष आरती का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी भक्तों ने दीप प्रज्वलित कर मंगलकामनाएं की। वातावरण इतना आध्यात्मिक और सकारात्मक था कि हर कोई स्वयं को धन्य महसूस कर रहा था। राधा कृष्ण मंदिर समिति नेहरू नगर के अध्यक्ष संजय रुंगटा ने बताया कि आगामी दिनों में भी रामायण के विभिन्न प्रसंगों का संगीतमय पाठ, भजन एवं प्रवचन आयोजित किए जाएंगे। सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पुण्य लाभ के सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि नवधा रामायण पाठ का यह भव्य आयोजन क्षेत्र में आस्था, उत्साह और सांस्कृतिक चेतना का अनुपम उदाहरण बन गया है। इस अवसर पर बंशी अग्रवाल, चतुर्भुज राठी, दिनेश सिंघल, राजकुमार अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, विजय अग्रवाल, सुभाष गुलाटी के अलावा हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



राष्ट्रीय पेरियोडोन्टिस्ट दिवस

## दंत शिविर में पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने कराया परीक्षण




**दुर्ग।** राष्ट्रीय पेरियोडोन्टिस्ट दिवस के उपलक्ष्य में रक्षित केन्द्र, दुर्ग पुलिस लाइन के गार्डन परिसर में रविवार को निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर अंजोरा स्थित मैत्री दन्त चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र के सहयोग से आयोजित हुआ। शिविर में करीब 100 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों और उनके परिजनों का दंत परीक्षण किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने दांतों और मसूड़ों से जुड़ी समस्याओं की जांच की, जरूरी सलाह दी और आगे के उपचार के लिए मार्गदर्शन किया। यहां सबसे अहम बात रही जागरूकता की।

डॉक्टरों ने साफ कहा कि दांत और मसूड़ों की अनदेखी आगे चलकर गंभीर रोगों का कारण बन सकती है। सही ब्रशिंग तकनीक, नियमित जांच और समय पर उपचार को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। कई कर्मचारियों को मसूड़ों की सूजन, पायरिया और दांतों की शुरुआती सड़न जैसी समस्याओं के बारे में परामर्श दिया गया। शिविर के सफल आयोजन मेंडॉक्टर सुधीर गांगेय एमडी मेडिसिन, पुलिस अस्पताल दुर्ग, मैत्री डेंटल कॉलेज अंजोरा के डॉ. सचिन के. मलंगी एमडीएस प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, डॉ. बाला व्ही. सुब्रमनियम एमडीएस प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, डॉक्टर ऐश्वर्य मिश्रा, डॉक्टर प्रियांश यादव, डॉ. शायन कुमार, डॉ. रंगोली बीराड, डॉ. प्रियाश्री, डॉक्टर तेजस्वी एस टाटे, डॉ. गगन अग्रवाल, डॉ. हर्षिता बैद्य, डॉ. नूतन चौहान, डॉ. अविनाश कुमार, डॉ. मोहित कटहोले, डॉ. संजीत चट्टोपाध्याय, डॉ. शिवम गाबले, डॉ. श्रुष्टि शिंदे, डॉक्टर मुकुल मधुरे एवं डॉक्टर सौम्यदीप कुंडू का विशेष योगदान रहा।

## उप मुख्यमंत्री ने किया छत्रपति शिवाजी की मूर्ति का अनावरण



**दुर्ग।** कवर्धा स्थित वीर शिवाजी चौक में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर नवनिर्मित छत्रपति शिवाजी महाराज चौक और उनकी प्रतिमा के लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे। पूजा अर्चना कर शिवाजी महाराज के अदम्य मूर्ति का अनावरण करते हुए उनके योगदान को याद किया गया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन और उनके आदर्श हमें हमेशा प्रेरित करते रहेंगे। उनकी वीरता, साहस और राष्ट्रभक्ति की भावना हमें अपने देश के लिए कुछ करने की प्रेरणा देती है। यह प्रतिमा न केवल एक स्मारक है, बल्कि यह हमारे लिए एक प्रेरणा स्त्रोत है जो हमें अपने देश के लिए कुछ करने की प्रेरणा देती है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि यह प्रतिमा न केवल एक स्मारक है, बल्कि यह हमारे शहर की पहचान भी है।

विश्व मातृभाषा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

# मातृभाषा आत्मसम्मान और आत्म-गौरव की भाषा, जो हमें जीवन में अपनी जड़ों से जुड़े रहने करती है प्रेरित

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा विश्व मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने अपना उद्बोधन अपनी मातृभाषा भोजपुरी में दिया। उन्होंने विश्व मातृभाषा दिवस पर ऐसे आयोजन की सार्थकता को रेखांकित किया। मातृभाषा का सम्मान अर्थात अपनी माता का सम्मान करना है । मातृभाषा का व्यवहार हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने को प्रेरित करती है और अंत में उन्होंने कैलाश गौतम की भोजपुरी हास्य कविता पप्पू की दुलहिन का पाठ किया।



### मातृभाषा हमारे जीवन में बहुत महत्व रखती है

विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनेष सुराना ने कहा कि मातृभाषा हमारे जीवन में बहुत महत्व रखती हैं भाषा हमारी अभिव्यक्ति का प्रमुख साधन है हम जिसमें कहते और लिखते है वही हमारी मातृभाषा होती है । हम जितनी सहजता मातृभाषा में महसूस करते हैं उतनी अन्य भाषाओं में नहीं। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जगजीत कौर सलूजा ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा को भूलना नहीं चाहिए बल्कि घरों में अपनी मातृभाषा का व्यवहार करते हुए अपनी संस्कृति और भाषा को बचाए रखना चाहिए। उन्होंने अपनी मातृभाषा पंजाबी में अमृता प्रीतम की कविता का सस्वर पाठ किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि प्राध्यापक शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ रजनीश उमरे तथा आभार प्रदर्शन डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी ने किया।



### नई भाषा जानना हमारे ज्ञान के संवर्धन के लिए आवश्यक

डॉ. अनुपमा कश्यप ने अपनी मातृभाषा बुंदेली में भूषण की कविता शिवा बावनी के कुछ अंश का पाठ किया। डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी ने कहा कि संसार में जीवन जीने की शक्ति भाषा देती है इसीलिए अपनी मातृभाषा से सदा प्रेम करना चाहिए। उन्होंने अपनी मातृभाषा मराठी में बहिणा बाई चौधरी की कविता का पाठ किया। डॉ. विजयलक्ष्मी नायडू ने अपनी मातृभाषा तेलुगु में एक भक्ति गीत सुनाया । डॉ. शकील हुसैन ने कहा कि व्यक्ति अपने आप से जिस भाषा में बात करता है, सपना देखता है जीता है, वही उसकी मातृभाषा होती है । डॉ. त्रिलोचन कौर ने गुरुवाणी की कुछ पंक्तियों का पाठ किया। डॉ. मीना मान ने कहा कि नई भाषा जानना सीखना हमारे ज्ञान के संवर्धन के लिए बहुत आवश्यक है। डॉ. ज्योति धारकर ने कहा कि जितनी ज्यादा भाषा जानेंगे उतने ही स्वस्थ रहेंगे, भाषा हम कोई भी बोले लेकिन जब हम संप्रेषण करते हैं तो संप्रेषण से उसके भाव सहज ही समझ में आ जाते हैं उन्होंने मराठी गीत प्रस्तुत किये। डॉ. देशमुख ने मराठी के प्रचलित तख्तियों का वीडियो दिखाते हुए अपनी मातृभाषा के प्रति सम्मान अभिव्यक्त किया । डॉ. सीमा पंजवानी ने अपनी मातृभाषा सिंधी में गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। जैनेंद्र दीवान ने संस्कृत के नीति श्लोक का पाठ किया। डॉ. सोमा सेनगुप्ता ने बंगाली कविता का पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में हिंदी विभाग के प्राध्यापकों द्वारा मातृभाषा छत्तीसगढ़ी में लक्ष्मण मस्तुरिया द्वारा लिखित गीत मैं बंदत हव दिन रात का गायन किया गया।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य कर्मियों ने बजट में मांगा दुर्ग के लिए जेडी सेटअप



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने दुर्ग संभाग में बजट सत्र में संयुक्त संचालक (जेडी) स्वास्थ्य सेवाओं के सेट-अप को स्वीकृति प्रदान करने की मांग रखी है। संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मुख्य सचिव विकासशील व स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया को भेजे ज्ञापन में कहा कि सभी संभागों में संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाओं का सम्पूर्ण सेट-अप स्वीकृत है। दुर्ग संभाग बनने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के जे डी दफ्तर की स्वीकृति अभी तक नहीं मिली है जबकि शिक्षा विभाग, राजस्व, पेंशन लेखा कोष, संयुक्त संचालक वेटरनरी, पशुपालन का कार्यालय खुल चुके हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के दुर्ग, राजनांदगांव, बेमेतरा, कवर्धा, मोहल्ला मानपुर, खैरागढ़ छुईखदान गंडई, बालोद व राजनांदगांव को लेकर दुर्ग संभाग का गठन किया गया है। सभी विभागों ने अपने संभागीय संयुक्त संचालक का कार्यालय का सेटअप दे दिया है और उनके कार्यकाल भी संचालित है।

### शिविर में 185 निष्क्रिय खाता हुए सक्रिय

**दुर्ग।** जिला प्रशासन कोषालय शाखा दुर्ग द्वारा कई वर्षों से निष्क्रिय पड़े बैंक खातों में अवरुद्ध शासकीय राशि को सक्रिय करने और शासन को वापस कराने निराकरण शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस शिविर में जिला कोषालय अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर, विभिन्न कार्यालय प्रमुख, डीडीओ एवं बैंक प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। जिला कोषालय अधिकारी केके खरंसु ने बताया कि अधिकारियों ने ई-केवाईसी दस्तावेज के साथ निष्क्रिय खाते सक्रिय करने की प्रक्रिया पूरी की। शिविर के दौरान 50 हजार रूपए और उससे अधिक राशि वाले लगभग 185 निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने का निराकरण किया गया। इससे शासन की राशि पुनः उपलब्ध कराई जा सकेगी और खातों का संचालन सुचारू रूप से किया जा सकेगा।

# कांग्रेस संगठन में दुर्ग में 31, भिलाई, ग्रामीण में 51 की कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

पार्टी हाईकमान के निर्देश के बाद दुर्ग जिले के तीनों कांग्रेस जिला संगठनों में कार्यकारिणी विस्तार की कवायद शुरू हो गई है। पीसीसी से मिले निर्देश के अनुसार दुर्ग में जहां 31 मेंबर्स होंगे, वहीं ग्रामीण जिला और भिलाईनगर जिले में 51-51 मेंबर्स होंगे। रविवार को ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने अपनी कार्यकारिणी घोषित कर दी है। इसमें जिला महामंत्री के रूप में पालेश्वर ठाकुर को जगह दी गई है। वे सबसे युवा महामंत्री हैं।

इसके पूर्व पालेश्वर ठाकुर ग्राम मर्रा पंचायत के सरपंच भी रह चुके हैं। राकेश ठाकुर ने अपनी कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल, उपाध्यक्ष जय प्रकाश चंद्राकर, महेंद्र वर्मा, तरुण बिजौर, प्रमोद राजपूत, रोहित कुर्रे, शमशीर कुरैशी, संतलाल बंजारे, विशाल देशमुख, हीरा वर्मा, निरंजन राजपूत, रिवेंद्र यादव, टिकेश्वरी देशमुख, महामंत्री राजीव गुप्ता, पुरुषोत्तम तिवारी, जयश्री वर्मा, लक्ष्मी साहू, ज्वाला प्रसाद साहू, जवाहर यादव, रूपेश देशमुख, कृष्णा देवांगन, योगिता चंद्राकर, जामवंत गजपाल, प्रदीप चंद्राकर, प्रकाश ठाकुर, भुवन साहू, रज्जाक खान, रवि प्रकाश ताम्रकार, राम सूर्यवंशी, दुर्गा गजबे, पालेश्वर ठाकुर को बनाया गया है।

## दुर्ग ग्रामीण जिला संगठन में पदाधिकारियों की घोषणा, सबसे युवा महामंत्री बने पालेश्वर



### सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व, जल्द होगी बैठक

कार्यकारिणी में सचिव राजा राम गहिरवार, दुलेश्वर साहू, पवन पटेल, धर्मेंद्र साहू, नेहरू यादव, ओम नारायण वर्मा, सुमित नारंग, नारायण निषाद, लोचन यादव, घनश्याम गजपाल, रोहित यादव, अभिषेक जांगड़े, सुमन वर्मा, महेंद्र निषाद, मुकुंद पारकर, पिलेश्वर साहू, राजेश मानिकपुरी, बहादुर नेताम, राजेश साहू, हिम्मत लाल धीमर बनाए गए हैं। सदस्यों के रूप में जागृति साहू, कल्याण साहू, सुरेंद्र गायकोवाड़, संगीता ठाकुर, उत्तरा कोसर, अघनु पाल, श्यामाचरण मनहर, गज्जू साहू, बंटी वैष्णव, जनार्दन सेन नियुक्त किए गए हैं। राकेश ठाकुर ने कहा कि संगठन में सभी वर्गों, समाजों एवं क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व का विशेष ध्यान रखा गया है।

## 2003 की मतदाता सूची को आधार पर बनाकर सत्यापन, 2.17 लाख से अधिक मतदाता

# वैशालीनगर में 44746, भिलाई में 36301 और दुर्ग विस में 42954 अधिक वोटर मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

2003 की मतदाता सूची को आधार बनाकर किए गए मतदाता गहन पुनरीक्षण के बाद स्थिति स्पष्ट हो गई है। 31 दिसंबर 2025 की स्थिति में जहां बेमेतरा जिले के दो आंशिक विधानसभा बेमेतरा और साजा को मिलाकर दुर्ग जिले में 14,52,5509 मतदाता थे। वहीं मतदाता पुनरीक्षण के बाद यानी 21 फरवरी 2026 की स्थिति में 12,35,230 रह गए हैं। यानी 2,17,279 मतदाता कम हो गए हैं। ये वे मतदाता हैं, जो या तो मौके पर नहीं मिले, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। दूसरी जगह अन्यत्र शिफ्ट कर गए हैं। एक से ज्यादा बार उनका नाम मतदाता सूची में था।

सत्यापन के बाद ऐसे सारे नाम हटा दिए गए हैं। बता दें कि जिलाा निर्वाचन की इस प्रक्रिया में 31,746 ऐसे मतदाता हैं, जिनके नाम नए जुड़े हैं। निर्वाचन ने इस बार दिव्यांगजन मतदाताओं की भी अलग से पहचान की गई है। जिले में 7785 दिव्यांग मतदाताओं की पहचान हुई है। वहीं नई मतदाता सूची की बात करें तो सबसे ज्यादा वैशालीनगर में कम हुए हैं। वैशालीनगर में 44746 मतदाताओं के नाम कटे हैं। दूसरे नंबर पर दुर्ग सिटी हैं, जहां 42954 नाम विलोपित किए गए हैं। इसके अलावा भिलाईनगर में 36301, दुर्ग ग्रामीण में 27276, अहिवारा में 39358, पाटन में 17125, बेमेतरा आंशिक में 2260 और साजा आंशिक में 7359 नाम विलोपित किए गए हैं। बता दें कि जिले में आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्र में कुल 12,35,230 मतदाता का सत्यापन हो पाया। शेष को एसआईआर के बाद हटा दिया गया है।

## जिले में दिव्यांग मतदाता 7785, सबसे कम 606 भिलाई नगर में

### आपत्तियों के निराकरण के लिए 14 फरवरी तक था मौका, सत्यापन के बाद सूची जारी

बता दें कि 27 अक्टूबर 2025 से मतदाता पुनरीक्षण का काम किया जा रहा है। दावा आपत्तियां 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 के बीच ली गईं। भविष्य में समय-समय पर होने वाले आवश्यक संशोधनों के अनुसार, नागरिक प्रपत्र संख्या 6, 7 और 8 भी भर सकेंगे। अब भी मतदाताओं के पास नाम जोड़ने और हटाने का मौका है। इससे पहले 18 दिसंबर 2025 तक बीएलओ एप के माध्यम से डिजिटलीकरण और सत्यापन का काम किया गया था। इसमें 14,51,963 मतदाताओं में मैप्ड कैटेगरी ए में 5,04,059 मतदाता, मैप्ड कैटेगरी बी में 6,58,446 मतदाता तथा नो मैपिंग कैटेगरी में 14,015 मतदाता शामिल थे। विभिन्न कारणों से 2,48,803 फॉर्म अन-कलेक्टेबल श्रेणी में रहे। इनमें 41,431 मृत व्यक्ति, 30,255 अप्राप्य या अनुपस्थित व्यक्ति और 1,66,458 ऐसे व्यक्ति शामिल हैं, जो स्थायी रूप से अन्यत्र स्थानांतरित हो गए थे। वहीं 9437 मतदाता पहले ही एनरोल्ड है तथा 1222 अन्य कैटेगरी में शामिल थे।

### मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के बाद विधानसभावार वोटरों की संख्या

| विधानसभा | 31 दिसंबर 2025 | 21 फरवरी 2026 | अंतर |
|---|---|---|---|
| पाटन | 222681 | 205556 | 17125 |
| दुर्ग ग्रामीण | 222544 | 195268 | 27276 |
| दुर्ग सिटी | 236265 | 193311 | 42954 |
| भिलाईनगर | 163324 | 127023 | 36301 |
| वैशालीनगर | 254291 | 209545 | 44746 |
| अहिवारा | 243616 | 204258 | 39358 |
| साजा (आंशिक) | 90651 | 83292 | 7359 |
| बेमेतरा (आंशिक) | 19137 | 16877 | 2260 |
| कुल | 1452509 | 1235230 | 217279 |

### दिव्यांग मतदाता सबसे ज्यादा पाटन विधानसभा में

निर्वाचन आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक दुर्ग जिले में सबसे ज्यादा दिव्यांग मतदाता पाटन में हैं। यहां सत्यापन के बात 2118 दिव्यांग मतदाता पाए गए हैं। वैशालीनगर में 1193, अहिवारा में 1568, दुर्ग ग्रामीण में 1071, दुर्ग सिटी में 1129, भिलाईनगर में 606 दिव्यांग मतदाता हैं। आंशिक बेमेतरा और साजा में एक भी दिव्यांग मतदाता नहीं हैं। जिले पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग सिटी, भिलाईनगर, वैशालीनगर, अहिवारा में नए मतदाताओं में 34750 ने आवेदन किया, जिनमें से 1649 निरस्त हुए। 33101 मतदाता बने। प्रवासी भारतीय के मामले में 21 आवेदनों में से सिर्फ 12 को ही पात्र पाया गया। अन्यत्र शिफ्टिंग के मामले में 9462 आवेदन आए, जिनमें से 7122 पात्र पाए गए। त्रुटि सुधार के 6947 आवेदनों में से 6221 को ही पात्र माना गया।

### अब तक नहीं मिल पाई है स्पष्ट जानकारी

निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। आयोग ने हमें जो जानकारी दी है वह अधिक है। उसका अवलोकन करने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। इतने अधिक वोटरों को सूची से बाहर किया गया है, उनके संदर्भ में अभी कुछ पाना सही नहीं होगा, लेकिन हम अवलोकन कर रहे हैं।

**-धीरज बाकलीवाल,** अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग

# लॉटरी से 8 हितग्राहियों को मिला पीएम आवास



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में निर्मित आवास अब अंतिम चरण में पहुंचकर हितग्राहियों को सौंपे जा रहे हैं। नगर निगम द्वारा एएचपी घटक के अंतर्गत बनकर तैयार हुए ये आधुनिक आकर्षक और किफायती मकान नागरिकों के लिए एक बड़ी सौगात साबित हो रहे हैं।

नगर निगम क्षेत्र में गणपति विहार, सरस्वती नगर और माँ कर्मा बोरसी तीन प्रमुख स्थलों पर आवासों का निर्माण किया गया है। इन स्थलों पर नागरिकों द्वारा लगातार बड़ी संख्या में आवेदन जमा किए जा रहे हैं। नियमों के अनुसार हितग्राहियों के बीच प्रतिमाह निष्पक्ष लॉटरी प्रणाली के माध्यम से आवास आवंटन किया जा रहा है। इन तीनों आवास स्थलों के लिए प्राप्त कुल 8 आवेदनों की लॉटरी निकाली गई। लॉटरी प्रक्रिया में महापौर अलका बाघमार, एमआईसी सदस्य देव नारायण चंद्रकार, शेखर चंद्रकार, ज्ञानू ताम्रकार, सुरूचि उमरे, रंजीता पाटिल, ललिता ठाकुर, लोकेश्वरी ठाकुर, खालिक रिजवी, रेशमा सोनकर एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहें।

महापौर अलका बाघमार ने हितग्राहियों को आवास आवंटन पर्चियां प्रदान की। लॉटरी के दौरान प्रत्येक हितग्राही को स्वयं अपनी पर्ची निकालने का अवसर दिया गया, जिससे उनकी आवास संख्या व स्थान का चयन सुनिश्चित हुआ।

### हितग्राहियों को जल्द मिलेगा अधिपत्य पत्र

लॉटरी में जिन हितग्राहियों के नाम आए हैं, उन्हें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक सम्पूर्ण राशि जमा करने पर आवंटन के उपरांत अधिपत्य पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके बाद हितग्राही अपने नए घर में प्रवेश कर सकेंगे। अधिकारी और टीम की उपस्थिति लॉटरी कार्यक्रम में नगर निगम के सभी सदस्यों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## सरकार वरिष्ठ नागरिकों को 2 हजार रुपए की पेंशन दें और सियान आयोग का गठन करे : देवांगन



**भिलाई।** वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के निराकरण एवं उनके कल्याण हेतु आगामी बजट में 2000 रुपए पेंशन शुरू करने एवं छत्तीसगढ़ राज्य सियान आयोग गठित करने की मांग सरकार से की है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी को पत्र लिखकर आगामी बजट में इसका प्रावधान रखने की मांग की है। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की उपेक्षा एवं उनकी सुविधाओं पर कटौती किए जाने पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा इस साल के बजट में अपेक्षा के अनुरूप वरिष्ठ नागरिकों के लिए कोई उल्लेखनीय सुविधाएं नहीं दी गई है। उन्होंने मांग की कि छत्तीसगढ़ राज्य के 60 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को भी कुछ अन्य राज्यों की तरह 2000 रुपए मासिक पेंशन दिया जाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा, आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना राज्य में वरिष्ठ नागरिकों को 2000 से 3000 रूपए मासिक पेंशन प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब में आयुष्मान कार्ड से 25 लाख रुपए, उत्तराखंड एवं हरियाणा में 10 लाख रुपए तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। छत्तीसगढ़ में 60 वर्ष से अधिक के सभी वरिष्ठ नागरिकों को कम से कम 5 लाख रुपए की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा देने का प्रावधान इस साल के बजट में की जानी चाहिए। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सियान आयोग गठित किए जाने की मांग को अतिआवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे द्वारा बंद कर दी गई यात्रा कंशेसन को तत्काल फिर से चालू किया जाए। प्रापर्टी टैक्स में वरिष्ठ नागरिकों को छूट देने, सियान सदनों में उनके मनोरंजन के साधन मुहैया कराया जाए।

## बूंद में समुद्र है... डॉ. शर्मा की यह कृति गागर में सागर : मिश्र

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



▪ महर्षि अगस्त्य वैदिक संस्थानम भोपाल के अध्यक्ष ने की सराहना

महर्षि अगस्त्य वैदिक संस्थानम् भोपाल के अध्यक्ष आचार्य पं. प्रभुदयाल मिश्र ने आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा की पुस्तक गागर में सागर की सराहना करते हुवे उसे बूंद में समुद्र कहा है। उनके अनुसार इस किताब में भारतीय ज्ञान परम्परा के महत्त्वपूर्ण विषयों को भी पृष्ठभूमि में रखा गया है। ज्ञान-विज्ञान के शीर्ष संकेतकों से युक्त डॉ. शर्मा की यह कृति एक ज्ञान मंजूषा भी कही जा सकती है। उन्होंने वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, श्रीमद्भगवद्गीता, बिदुरनीति, चाणक्य नीति और संस्कृत महाकाव्यों से चुनिन्दा श्लोकों की रोचक और ज्ञानवर्धक व्याख्याएं की है। पुस्तक की विषय वस्तु छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के लोकप्रिय समाचार पत्रों में लगातार प्रकाशित होती रही है। ज्ञान की विविधता और व्यावहारिकता देखते ही बनती हैं। आचार्य पं. प्रभुदयाल मिश्र के अनुसार ये किताब बिंदु में सिन्धु भी कही जा सकती है।

## अधिकारी प्रशिक्षण को गंभीरता से लें : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जनगणना 2027 हेतु दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 20 फरवरी 2026 को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरंभ कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अभिजीत सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने जनगणना को एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया बताते हुए सभी चार्ज अधिकारियों को गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करने निर्देशित किया। प्रशिक्षण में जनगणना के संयुक्त संचालक अशोक मिश्रा द्वारा जनगणना पदाधिकारियों की भूमिका और कानूनी प्रावधान, कोष प्रबंधन, सीएमएमएस पोर्टल के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला जनगणना अधिकारी, प्रमुख जनगणना अधिकारी नगर पालिका निगम, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, ग्रामीण, नगर चार्ज अधिकारी, जोन जनगणना अधिकारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हटरी बाजार व तमेर पारा चौक में बनेगी मजबूत और चौड़ी सड़क, महापौर ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

▪ गुणवत्तापूर्ण डामरीकरण कार्य से यातायात होगा सुचारु



आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए महापौर अलका बाघमार ने सभापति व पार्षद श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, पार्षद जीतू महोबिया, गुलशन साहू, मनीष कोठारी, युवराज कुंजाम तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वार्ड 30 हटरी बाजार सहित जवाहर चौक क्षेत्र में 14 लाख रुपए लागत के डामरीकरण कार्य एवं वार्ड 32 तामेर पारा चौक के पास 18 लाख रुपए के डामरीकरण कार्य काभूमिपूजन कर कार्य की शुरुआत की। इससे बाजार क्षेत्र एवं आवासीय इलाकों में आवागमन सुगम और सुरक्षित हो सकेगा। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने कहा कि पांच हटरी बाजार एवं जवाहर चौक जैसे व्यस्त क्षेत्रों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिकों का आवागमन होता है।

सड़क की जर्जर स्थिति के कारण व्यापारियों एवं आमजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण डामरीकरण कार्य से यातायात सुचारु होगा, दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी तथा बाजार क्षेत्र की व्यवस्थित छवि भी सुदृढ़ होगी। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। सभापति एवं पार्षद श्याम शर्मा ने कहा कि वार्ड 30 और वार्ड 32 में स्वीकृत डामरीकरण कार्य क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर ने भी निर्माण कार्य की तकनीकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

# संगठनात्मक रूप से सक्षम और समाज सेवा के लिए समर्पित कार्यकर्ता तैयार करना प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान कार्यशाला के समापन के पश्चात दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव थे। कार्यशाला में उपस्थित वक्ताओं के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के आगामी दिनों होने वाली पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान संपन्नता को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश और प्रदेश नेतृत्व द्वारा तय किए गए विषय पर जानकारी दी गई।

मंत्री गजेंद्र यादव ने पांच परिवर्तन पर कहा कि भारत के ज्ञान, विज्ञान, अध्यात्म, धर्म, सनातन पर आधारित है। सनातन के विचारधारा को लेकर हम सभी आगे बढ़ रहे हैं। पांच परिवर्तन सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भाव जागरण, नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन है। प्रदेश उपाध्यक्ष और नंदन जैन ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद भारत की सांस्कृतिक और आर्थिक आत्मनिर्भरता का दर्शन है, जो राष्ट्र को महज भू-भाग नहीं, बल्कि एक जीता-जागता राष्ट्रपुरुष मानता है। शताब्दी पांडेय ने कहा कि प्रशिक्षण महा अभियान 2026 की शुरुआत हो रही है भारतीय जनता पार्टी को पार्टी विद डिफरेंट कहा जाता है क्योंकि हम अन्य पार्टी की अपेक्षा हमारी पार्टी के कार्यकर्ता अनुशासित होते और दिखते हैं और राष्ट्रवादी विचारधारा पर कार्य करते हैं। अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भाजपा एक विचार आधारित संगठन है, जहां कार्यकर्ता ही शक्ति का केंद्र है। कार्यक्रम में प्रमोद सिंह, सुरेंद्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार, उषा टावरी, दिलीप साहू, विनोद अरोरा, कांतिलाल बोथरा मौजूद थे।

## संगठनात्मक प्रणाली को गहराई से समझना हमारा कर्तव्य-पुरुषोत्तम देवांगन



**भिलाई।** प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला भिलाई स्थित भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया। मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, विशिष्ट अतिथियों में पूर्व कैबिनेट मंत्री जागेश्वर साहू, प्रभुनाथ मिश्रा, ब्रिजेश बिचपुरीया, शिरीष अग्रवाल, रविशंकर सिंह, महेश वर्मा, इन्द्रजीत सिंह गोल्डी थे। अध्यक्षता भिलाई के अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने की।प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कहा कि यह कार्यशाला केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि भाजपा की कार्यप्रणाली को समझने और संगठन के मूल विचारों को आत्मसात करने का माध्यम है। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि हम सभी अनुशासित कार्यकर्ता हैं और इस कार्यशाला के माध्यम से संगठनात्मक प्रणाली को गहराई से समझना हमारा कर्तव्य है। शिरीष अग्रवाल ने कहा कि संगठन की स्थापना से लेकर आज तक का इतिहास त्याग, तपस्या और राष्ट्रसेवा का प्रतीक है। कार्यक्रम के सफल संचालन महामंत्री द्वय मनीष अग्रवाल और सुषमा जेठानी ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार ने किया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, दुर्ग (छ.ग.)**

**शपथपत्र**

मैं अब्दुल अजीज आत्मज अब्दुल बशीर, उम्र 65 वर्ष, निवासी मकान नं. 110, मस्जिद के पीछे, सेक्टर-11, जोन-3, खुर्सीपार, भिलाई. तहसील एवं जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूँ जो कि शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ।
2. यह कि मेरा नाती मोहम्मद निसार हुसैन (15.01.2019) एवं नातिन महेक नूरी (13.12.2016) का जन्म प्रमाण पत्र जो सेक्टर-9 बी.एस.पी. विभाग द्वारा बना था, की मूल प्रति मेरे निवास स्थान जोन-3. खुर्सीपार, भिलाई से ही कहीं गुम हो चुका है और अब मिलने की कोई उम्मीद नहीं है।
3. यह कि मुझे दोनों बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति की आवश्यकता है।
4. यह कि उपरोक्त जन्म प्रमाण पत्र के गुम होने की सूचना पुलिस थाना में दर्ज करा चुका हूँ एवं संबंधित पटवारी महोदय के समक्ष यह शपथपत्र सादर प्रस्तुत है। अतः शपथपत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

**अब्दुल अजीज**
**शपथकर्ता**

# श्रीरामनवमीं के ध्वजवाहकों का श्रीराम जन्मोत्सव समिति ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

## अयोध्या आंदोलन से प्रेरित, रामनवमी बनी मध्य भारत का सबसे बड़ा धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन



भिलाई। श्रीराम जन्मोत्सव समिति भिलाई द्वारा विगत 40 वर्षों से श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर निकाली जा रही शोभायात्रा के ध्वजवाहकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। श्रीरामनवमी उत्सव के 41वें वर्ष के अवसर पर आज श्रीराम चौक, खुर्सीपार मैदान में आयोजित इस सम्मान समारोह में 1100 से अधिक ध्वजवाहकों और झांकी प्रमुखों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समिति के संरक्षक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि 1986 में प्रारंभ हुई श्रीराम जन्मोत्सव समिति की यात्रा आज हजारों ध्वजवाहकों की भव्य शोभायात्रा में बदल चुकी है। प्रभु श्रीराम के आदर्शों पर चलते हुए समिति समाज में एकता, आस्था और सेवा का संदेश देती रही है, जिसका प्रतीक एक मुट्ठी दान - श्रीराम के नाम अभियान भी है, जिसकी शुरूआत आज की गई।

इस अवसर पर समिति के दिवंगत वरिष्ठ सदस्यों स्व.योगेंद्र पाण्डेय, स्व. अरविंद वर्मा, स्व. बीडी सिंह, स्व. शेरा ढिल्लन और स्व. परमजीत सिंह लाड्डी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि 1986 में जब यह आयोजन प्रारंभ हुआ था, तब देश की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियाँ आज जैसी नहीं थीं। उस समय कुर्सीपार, कैंप, जोरातराई और पुरैना जैसे क्षेत्रों में झुग्गी-झोपड़ियों का स्वरूप था और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की संख्या अधिक थी। उन्होंने कहा कि उस दौर में तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग सनातन धर्म और हिंदू समाज की परंपराओं को अवैज्ञानिक और पिछड़ा बताने का प्रयास करता था। पूजा-पद्धतियों और देवी-देवताओं पर शंका उत्पन्न की जाती थी। इसी समय अयोध्या में जन्मभूमि आंदोलन प्रारंभ हुआ, जिसने पूरे देश में हिंदू समाज के जागरण की नींव रखी। भिलाई में भी इसी प्रेरणा से राम जन्मोत्सव समिति का गठन हुआ। प्रारंभिक यात्रा में कुछ दर्जन लोग साइकिल और एक मेटाडोर में प्रभु श्रीराम की तस्वीर लेकर निकले थे, जो आज हजारों ध्वजवाहकों की भव्य शोभायात्रा में परिवर्तित हो चुकी है।

### 26 मार्च को रामनवमी महोत्सव में शामिल होने की अपील

श्रीराम जन्मोत्सव समिति युवा विंग के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने समिति की 40 वर्षों की यात्रा और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह आयोजन एक मंदिर की ध्वज यात्रा से प्रारंभ हुआ था और आज तीसरी-चौथी पीढ़ी तक पहुंच चुका है, जो श्रद्धा और भक्ति के साथ ध्वज लेकर रामलीला मैदान तक पहुंचती है। समिति द्वारा तीन वर्ष पूर्व प्रारंभ किए गए एक मुट्ठी दान- श्रीराम के नाम अभियान को भी विशेष रूप से रेखांकित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत घर-घर से अन्न संग्रह कर महाप्रसाद तैयार किया जाता है और श्रद्धालुओं को वितरित किया जाता है। उन्होंने सभी ध्वजवाहकों से आह्वान किया कि आने वाले दिनों में समिति के सदस्य और समाज के लोग घर-घर पहुंचकर इस अभियान को सफल बनाएं और 26 मार्च को होने वाले रामनवमी महोत्सव को भव्यता प्रदान करें। इस दौरान समिति कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, विष्णु पाठक, रविन्द्र भगत, लालचंद मौर्य, प्रशांत पाण्डेय, बसंत प्रधान, जोगिंदर शर्मा, संजय दानी, मुरलीधर अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### सेक्टर-9 के चिकित्साकर्मी हुए सम्मानित

**भिलाई।** बीएसपी सेक्टर-9 अस्पताल में कर्म शिरोमणि' पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. उदय कुमार ने की। शोभा सिंह, एएनएस; लुकेन्द्र कुमार तारम, वरिष्ठ एमटीए; तथा आदित्यन एम, कनिष्ठ स्टाफ नर्स को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कर्म शिरोमणि' पुरस्कार दिया गया। डां. कुमार ने टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

### हेमंत को मिला बीएसपी आईएसई एक्सीलेंस अवॉर्ड



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सहायक महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार वर्मा को इस्पात उद्योग में सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए आईएसई एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें इंस्टिट्यूशन ऑफ सेफ्टी इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा प्रदान किया गया।

## सेफी चेयरमेन बंछोर ने सेल डायरेक्टर से की जेओ प्रमोशन पालिसी में बेहतरी की मांग

# प्रमोशन पालिसी में विसंगतियों का खामियाजा भुगत रहे सेल के ग्रेज्युएट व डिप्लोमा इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

### पदोन्नति के साथ आउटसोर्सिंग कार्यों की होगी समुचित मानिटरिंग



भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के सभी संयंत्रों में बड़ी तादाद में ग्रेज्युएट इंजीनियर और डिप्लोमा इंजीनियरों को उच्च प्रबंधन की उदासीनता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। वर्षों बाद भी इनके नान एक्जीक्यूटिव के रुप में काम करने से निराश हैं। वहीं मेन पावर क्राइसेस के चलते बढ़ रहे आउसोर्स कार्यों की ठीक से मानिटरिंग भी नहीं हो पा रही है। इसे देखते हुए सेफी डिप्लोमा इंजीनियर्स की मांग पर सेल की जूनियर आफिसर (जेओ) प्रमोशन पालिसी में विसंगतियों को समाप्त कर इसे अधिक बेहतर बनाने के लिए दबाव बनाना शुरु कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि सेफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर की दिसंबर-2025 में दिए गए सुझाव के अनुरूप वर्तमान में जारी जेओ प्रमोशन पालिसी मे सुधार कर गैर-कार्यपालक वर्ग से कार्यपालक वर्ग के लिए प्रमोशन पालिसी-2026 जारी किया गया। बीएसपी डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश शर्मा कार्यवाहक अध्यक्ष घनश्याम साहू ने भी सेफी चेयरमैन को पालिसी में सुधार के लिए ज्ञापन सौंपा। सेफी चेयरमेन श्री बंछोर ने सेल के कार्मिक निदेशक को पत्र लिखकर जूनियर आफिसर्स प्रमोशन पालिसी को ग्रेज्युएट इंजीनियर्स डिप्लोमा इंजीनियर्सके हितों के लिए अधिक प्रभावी बनाने की मांग की है। पत्र में सुझाया है कि युवा कार्मिकों को बेहतर भविष्य के लिए जेओ प्रमोशन पालिसी में सुझाए गए संशोधन अति आवश्यक है। क्योंकि वर्तमान में सेल की विभिन्न इकाइयों में ग्रेज्युएट इंजीनियर्स और अनुभवी डिप्लोमा इंजीनियर्स बड़ी संख्या में गैरकार्यपालक वर्ग में कार्यरत हैं। इनकी योग्यता व अनुभव का समुचित उपयोग किया जाना उचित होगा। इससे अधिकारियों की कमी से जूझ रहे विभागों को बेहतर इंजीनियर्स/शिफ्ट इंचार्ज उपलब्ध हो पाएंगे।

### युवा इंजीनियरों की क्षमता का होगा सदुपयोग

वर्तमान में सेल में गैर-कार्यपालक से कार्यपालक पदोन्नति की पॉलिसी (जूनियर आफिसर्स प्रमोशन पॉलिसी) में आवश्यक संशोधन करके कंपनी के युवा इंजीनियरों/डिप्लोमाधारकों को चयनित कर उनकी क्षमताओं का समुचित उपयोग किया जा सकता है। सेल में वर्तमान व्यावसायिक परिस्थितियों को देखते हुए हर संयंत्र में विशेष रूप से जूनियर लेवल में इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स की कमी है। कई इकाईयों में आधुनिकीकरण के बाद धीरे-धीरे आउट सोर्सिंग के माध्यम से कार्य हो रहे हैं। इन कार्यों की बेहतर मॉनीटरिंग के लिए जूनियर लेवल पर सभी इकाईयों में अधिकारियों का होना आवश्यक है।

### पालिसी में सुधार से होगा लाभ

सेल की सभी इकाइयों में ग्रेज्युएट इंजीनियर व डिप्लोमा इंजीनियरों को कार्यपालक वर्ग में प्रमोट करने बनी प्रमोशन पालिसी को और बेहतर करने के लिए सेल प्रबंधन को पत्र लिखा है। पालिसी में सुधार होने से इन अनुभवी कर्मचारियों को कार्यपालक वर्ग में पदोन्त होने से डिप्लोमा इंजीनियर्स के साथ सेल के संयंत्रों को भी इनके अनुभव का लाभ मिलेगा।

**एनके बंछोर**, अध्यक्ष, सेफी

# बीएसपी प्रबंधन के विरोध में 22 मार्च को पैदल मार्च



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी में हाउस लीज और रिटायर्ड कर्मचारियों के परमानेंट सेटलमेंट को लेकर बीएसपी के खिलाफ भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव द्वारा सोमवार को पैदल मार्च निकाला जाएगा।भिलाई नहीं बिकने देंगे आंदोलन के तहत पैदल मार्च सिविकसेंटर से प्रारंभ होकर सेंट्रल एवेन्यू होते हुए सेक्टर 2 भिलाई विद्यालय मैदान मे समाप्त होगा। रविवार को सेक्टर 2 शक्ति सदन में देवेंद्र यादव ने कहा कि बीएसपी प्रबंधन दो माह बाद भी हाउस लीज और रिटेंशन स्कीम की दरों में वृद्धि से संबंधित आदेश को वापस नहीं लिया है। प्रबंधन द्वारा लीज एवं रिटेंशन के तहत आवंटित आवास को लटकाया जा रहा है। दिसंबर में प्रबंधन ने 15 दिनों के अंदर हाउस लीज एवं रिटेंशन स्कीम की बढ़ी हुई किराये की दर पर उचित निर्णय लेने की बात कही थी। अब तक प्रबंधन ने कोई निर्णय नहीं लिया है। इसलिए आंदोलन को वार्ड दौरे से आगे बढ़ाते हुए पैदल मार्च करने का निर्णय लिया गया है।

## एआई समिट में हुए कृत्य के लिए देश की जनता से माफी मांगें राहुल गांधी-अमित मिश्रा



**भिलाई।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश सह प्रमुख आईटी व पूर्व जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा ने कहा कि जहां एक ओर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नवाचार और राष्ट्र निर्माण का लगातार प्रयास कर रहे। वहीं वही दूसरी ओर नई दिल्ली में एआई समिट जैसे वैश्विक आयोजन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के निर्देश पर कांग्रेसियों द्वारा किए गए नग्न प्रदर्शन न केवल अमर्यादित है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारत की छवि को धूमिल करने की एक सोची समझी साजिश है। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश सह प्रमुख आईटी अमित मिश्रा ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण आयोजन के मंच पर इस तरह का अमर्यादित प्रदर्शन कांग्रेस की भारत विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को इस कृत्य के लिए पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए क्योंकि उनके निर्देशों पर ही कांग्रेस पार्टी का नग्न प्रदर्शन एआई समिट में हुआ है।




## विनोद संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ व बृजमोहन घनघोरकर बने प्रदेश कार्य समिति सदस्य





**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। इसमें विनोद उपाध्याय को संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ भिलाई जिला व बृजमोहन उपाध्याय, जेपी घनघोरकर को प्रदेश कार्य समिति सदस्य बनाए गए। उल्लेखनीय है कि विनोद उपाध्याय शिक्षा के क्षेत्र में एक नई चेतना जगाने का संकल्प रखते हैं, अब जिला स्तर पर पार्टी की नीतियों को बौद्धिक गहराई प्रदान करेंगे। वहीं बृजमोहन उपाध्याय और जेपी घनघोरकर की प्रदेश कार्य समिति में उपस्थिति भिलाई की आवाज को राजधानी तक और अधिक प्रखरता से पहुंचाने का कार्य करेगी। उनकी नियुक्ति पर शारदा गुप्ता, निशुपांडे, मदन सेन, डॉ रमेश श्रीवास्तव, कन्हैया सोनी, रवि शंकर सिंह, बंटी नाहर आदि ने हर्ष जताया है।

## कुरूद बस्ती की सफाई और पेयजल व्यवस्था का आयुक्त ने किया निरीक्षण

**भिलाई।** कुरूद पुरानी बस्ती में जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सफाई कार्य का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने मौके पर मौजूद स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं शंकर साहनी को सफाई व्यवस्था में निरंतरता और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि क्षेत्र में जलभराव या गंदगी की समस्या न हो।

# सुपेला चौक से संडे बाजार पर निगम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

खबर का असर




नालियों में हो गया है कब्जा, रहवासियों को होने लगी है आवागमन में प...
संडे मार्केट और नंदिनी रोड में सड़...
किनारे कब्जे का हाल फिर जस का ...

पिछले लगभग तीन रविवार से भिलाई नगर निगम सुपेला संडे बाजार के चलते होने वाले अतिक्रमण पर कार्रवाई कर रहा है। इस रविवार को भी सुपेला चौक से गदा चौक तक लगने वाले संडे बाजार पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी बेदखली कार्रवाई की गई। मुख्य मार्ग और फुटपाथ को बाधित करने वाले दुकानदारों और ठेला संचालकों पर निगम की टीम ने भारी मात्रा में सामानों की जब्ती की। इस

- अवैध कब्जाधारियों का किया सामान जब्त

बड़ी कार्रवाई को अंजाम देने के लिए राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग और तोड़फोड़ दस्ते की संयुक्त टीम गठित की गई थी। सुपेला थाने के पुलिस बल की मौजूदगी में सुबह से ही टीम ने गदा चौक क्षेत्र की घेराबंदी कर दी थी। हरिभूमि ने सुपेला संडे बाजार में हुई कार्रवाई के बाद हालात जस की तस होने की खबर प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशन के बाद निगम ने नंदिनी रोड सड़क किनारे और संडे मार्केट के हालात सुधारने के लिए यह कार्रवाई की।

### दुकानों के सामने फैले सामान को किया जब्त

संडे बाजार के कारण सुपेला चौक से गदा चौक तक सड़कों पर अत्यधिक दबाव रहता है। कई दुकानदारों ने सड़क तक सामान फैला लेने के कारण राहगीरों और वाहनों को भारी परेशानी हो रही थी। कार्रवाई के दौरान निगम की टीम ने सामान जप्ती की कार्रवाई की। इसके अलावा ठेले-खोमचे जो सड़क को बाधित करते मिले उसे हटाया गया। बार-बार चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर निगम ने सख्ती बरतते हुए सामानों की जब्ती की और अतिक्रमणकारियों को दोबारा कब्जा न करने की कड़ी हिदायत दी।

### सड़क की गलियों में लगने लगे ठेले

रहवासियों ने बताया कि इस कार्रवाई के बाद ठेले-खोमचे वाले सड़क से लगे गलियों में अपना कारोबार करने लगे हैं। जिसकी वजह से मुहल्ले के लोगों को आने-जाने में दिक्कतें उठानी पड़ रही है। गलियों से गुजरना अब मुश्किल हो गया है। दुकानदारों को मना करते हैं तो वे विवाद करने लगते हैं। इसलिए यहां भी निगम की टीम सख्त कार्रवाई करें। इससे लोगों को राहत मिलेगी।

### निगम की चेतावनी लगातार चलेगी कार्रवाई

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। वहीं सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी, प्रसन्न तिवारी, बालकृष्ण नायडू, तोड़फोड़ अधिकारी विनय शर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर साहनी, बेदखली सहायक हरिओम गुप्ता एवं स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, बेदखली दल से करण, विष्णु सोनी और राजेंद्र सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक मई को संवैतनिक अवकाश घोषित हो

**भिलाई।** बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ( बीएकेस ) के पदाधिकारियों ने उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन से मिलकर अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 1 मई को राज्य में सवैतनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग की।

यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को बताया कि श्रमिक दिवस श्रमिक वर्ग के सम्मान, उनके योगदान एवं अधिकारों के प्रतीक के रूप में विश्वभर में मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ संगठित और असंगठित क्षेत्र के लाखों श्रमिक राज्य के औद्योगिक, वाणिज्यिक एवं आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यहां 1 मई को सवैतनिक अवकाश घोषित किया जाना श्रमिकों के सम्मान में एक सकारात्मक कदम होगा।

## घेरा हटाने रिसाली महापौर लिखेगी बीएसपी को पत्र

# बीएसपी के फेंसिंग तार की वजह से नालियों की नहीं हो रही सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



रिसाली निगम के अंतर्गत शिवपारा स्टेशन मरोदा वार्ड 17 स्थित सुलभ शौचालय के आगे बीएसपी द्वारा फेंसिंग तार लगाया गया है। फेंसिंग की वजह से इस स्थान पर साफ-सफाई नहीं हो पा रही है। स्थानीय नागरिकों ने इसकी शिकातय रिसाली महापौर शशि सिन्हा से की।

नागरिकों ने शिकायत की कि सुलभ शौचालय नंदी चौक के आगे अतिक्रमण को रोकने इस्पात संयंत्र ने फेंसिंग तार का घेरा लगा दिया है। इस वजह से झाड़ियों और नाली में जमे मलबा की सफाई नहीं हो पा रहा है। गंदा पानी का निकासी नहीं हो रहा है।

### बीएसपी को घेरा हटाने मेयर लिखेगी पत्र

नागरिकों की समस्याओं पर महापौर शशि सिन्हा ने आश्वासन दिया कि वे जल्द ही बीएसपी प्रबंधन को पत्र लिख फेंसिंग तार हटाने कहेंगी ताकि सफाई कार्य बाधित न हो। वहीं उन्होंने क्षेत्रीय पार्षद गजेन्द्री कोठारी को भी इसी कार्य के लिए पृथक से पत्र लिखने कही। इन दिनों महापौर शशि सिन्हा खास करके सफाई व्यवस्था की समीक्षा कर रही है। उन्होंने वार्ड में कार्यरत सफाई दरोगा से नियमित होने वाले कार्यो के बारे में पूछताछ की। महापौर ने निर्देश दिए है कि हर हाल में सफाई व्यवस्था दुरूस्त हो।

### शीतला तालाब के पास असमाजिक तत्वों का जमावड़ा

रहवासियों ने बताया कि कि शीतला तालाब के पास शाम को असमाजिक तत्वों का जमावड़ा होता है। इस वजह से शांति भंग की स्थिति हमेशा निर्मित होती है। निगम प्रशासन की ओर से प्रयास हो कि क्षेत्र में नियमित पुलिस पेट्रोलिंग हो। इस पर महापौर ने उचित कार्यवाही करने के आश्वासन दिए। इसके अलावा नागरिकों ने शीतला सरोवर में लगे लाइट के अलावा शौचालय में रोशनी व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की। इस दौरान एमआईसी अनिल देशमुख, संजू नेताम, पार्षद गजेन्द्री कोठारी, रेखा देवी, उपअभियंता डिगेश्वरी चंद्राकर, राजस्व विभाग के प्रभारी अधिकारी योगेश सुरे, जल कार्य विभाग के गोपाल सिन्हा आदि उपस्थित थे।

